शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 33 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 28 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जेडीएस के राज्यसभा उम्मीदवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बेंगलुरु**

पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव लड़ रहे जद (एस) नेता डी कुपेंद्र रेड्डी और उनके सहयोगियों के खिलाफ बेंगलुरु के विधान सौधा पुलिस स्टेशन में मंगलवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने भी पुष्टि की कि राज्यसभा चुनाव के संबंध में कांग्रेस विधायकों को "धमकी" देने के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। जद (एस) के दूसरे नंबर के नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा, "कांग्रेस नेताओं ने न केवल अपने विधायकों को बार-बार प्रलोभन और धमकी देने की बात कही, बल्कि कुपेंद्र रेड्डी और उनके सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की।" कुमारस्वामी ने कहा कि शिकायतकर्ता विधायक ने यह नहीं कहा कि उन्हें लालच दिया गया था, लेकिन कुछ अन्य विधायकों से "संपर्क" किया गया था। जद (एस) के राज्य प्रमुख ने दावा किया, कर्नाटक सर्वोदय पक्ष के मेलुकोटे विधायक दर्शन पुत्तनैया ने भी कहा था कि यह सच है कि उनका वोट मांगा गया था, लेकिन किसी ने उन्हें लालच नहीं दिया था। कुमारस्वामी ने यह भी कहा कि भाजपा और जद (एस) ने फैसला किया है कि उसके 19 जद (एस) विधायकों के वोट और उसके पहले अधिमान्य वोटों के बाद भाजपा के अतिरिक्त वोट कुपेंद्र रेड्डी को जाएंगे। सिद्दरमैया ने कथित तौर पर अपने उम्मीदवार कुपेंद्र रेड्डी को निर्वाचित कराने के लिए कांग्रेस विधायकों को लुभाने की कोशिश करने के लिए जनता दल (सेक्युलर) की आलोचना की।

# राज्यसभा चुनाव: हिमाचल में बीजेपी जीती

## कर्नाटक में कांग्रेस के 3, भाजपा का 1 प्रत्याशी जीता

**नई दिल्ली**

**राज्यसभा की** 15 सीटों पर वोटों की गिनती शुरू हो गई है। सुबह 9 बजे से जारी वोटिंग 4 बजे खत्म हो गई थी। 3 राज्यों उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मतदान हुआ था। सबसे पहले नतीजे कर्नाटक से आए हैं। कर्नाटक में राज्यसभा की 4 सीटों पर हुई वोटिंग में कांग्रेस के अजय माकन, नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर जीते। वहीं बीजेपी के नारायण बंदिगे ने जीत दर्ज की। हिमाचल प्रदेश की एक सीट पर भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन ने कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को हराया है। दोनों को 34-34 वोट मिले थे। टॉस से विजेता का फैसला हुआ। इधर, क्रॉस वोटिंग की खबरों के बीच हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायकों की बैठक बुलाई है। यहां कांग्रेस के 6 विधायकों और सरकार को समर्थन दे रहे 3 निर्दलीय विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर आई थी। राज्यसभा चुनाव को लेकर 27 फरवरी की सुबह से ही गहमा-गहमी रही। वोटिंग शुरू होने के कुछ देर बाद ही यूपी में सपा के चीफ व्हिप और विधायक मनोज कुमार पांडे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

वहीं, दोपहर बाद खबर आई कि यूपी में सपा के 7 विधायकों ने एनडीए को वोट दिया है। ये विधायक राकेश पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, विनोद चतुर्वेदी मनोज पांडेय, पूजा पाल और आशुतोष मौर्य हैं। रिपोर्ट में दावा है कि कर्नाटक में



## डीके शिवकुमार ने की जीत की सराहना

**कर्नाटक** के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्यसभा चुनाव की जीत की सराहना करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की एकता और अखंडता को दशार्ता है। उन्होंने कहा 'मैं सभी विधायकों, पार्टी कार्यकताओं और मीडिया को धन्यवाद देता हूं। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कांग्रेस के सभी उम्मीदवार जीत गए हैं। मैं सभी मतदाताओं, सीएम और पार्टी कार्यकताओं और एआईसीसी अध्यक्ष को भी धन्यवाद देता हूं। मैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद देना चाहता हूं।' बता दें कि चुनाव में चार सीटों के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जद (एस) के उम्मीदवार डी कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे।

## कर्नाटक में कांग्रेस की बल्ले-बल्ले...

**बेंगलुरू**

**राज्यसभा चुनाव** के नतीजे आने लगे है। सबसे पहले कर्नाटक के रिजल्ट घोषित किए गए। यहां सत्तारूढ़ कांग्रेस को बड़ी जीत हासिल हुई है। बता दें कि राज्य से कांग्रेस के तीन राज्यसभा उम्मीदवारों ने अपनी-अपनी सीटें जीत ली है। जीतने वाले उम्मीदवारों में अजय माकन, नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर हैं।

वहीं, भाजपा ने केवल एक सीट पर ही जीत हासिल की है। जीतने वाले में बीजेपी के नारायण बंदिगे है। बता दें कि भाजपा विधायक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस उम्मीदवार को वोट दिया। भाजपा के चीफ व्हिप डोड्डनगौड़ा जी पाटिल ने ये जानकारी दी। डोड्डनगौड़ा ने ये भी कहा कि सोमशेखर पर कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश की 10, कर्नाटक की 4 तो हिमाचल प्रदेश की एक सीट पर चुनाव हैं।



अभी हिमाचल और उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणामों का इंतजार किया जा रहा है। समाचार एजेंसी अठक के मुताबिक, कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर ने 47, 46 और 46 वोटों से जीत हासिल की।

**चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग**

बता दें कि चुनाव में चार सीटों के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जद (एस) के उम्मीदवार डी कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग की वजह से हंगामा हुआ। जबकि भाजपा विधायकों में से एक, एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के माकन के लिए मतदान किया, दूसरे, ए शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।

## मुझे तो चवन्नी नहीं मिली: रघुराज प्रताप सिंह



**राज्यसभा** चुनाव में भाजपा का समर्थन करने वाले रघुराज प्रताप सिंह वोट डालने के बाद काफी देर तक भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ से बातें करते रहे। चुनाव में रघुराज ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

वहीं सेठ ठहरे नामचीन बिल्डर। रघुराज से मीडिया कर्मियों ने पूछा कि कहा जा रहा है कि सेठ ने वोट देने वाले गैर भाजपाई विधायकों को फ्लैट दिए हैं, आपको कुछ मिला? रघुराज बोले, हमको तो चवन्नी नहीं मिली और आगे बढ़ गए।

**'मेरी पर्ची में होता सेठ का नाम तो मुझे मिलता फ्लैट'**

इलाहाबाद उत्तरी के भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी से सवाल हुआ कि उन्होंने किसको वोट दिया है।

बाजपेयी ने कहा कि मैंने तो पार्टी के पक्ष में वोट दिया है। यह भी जोड़ा कि यदि मेरी पर्ची में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ का नाम होता तो मुझे भी एक फ्लैट मिल जाता।

**कुछ हट के, कुछ सट के: ओपी राजभर**

सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर यूं तो अपनी पार्टी के सभी छह विधायकों के वोट भाजपा के पक्ष में जाने का दावा करते रहे। हालांकि जब उन्हें पार्टी के एक विधायक द्वारा पार्टी लाइन से अलग जाकर सपा के पक्ष में मतदान करने के बारे में कुरेदा गया तो राजभर ने कहा हम तो कहते ही रहे हैं कुछ हट के, कुछ सट के।

## एडमिट कार्ड जारी करने के बाद सीबीएसई छात्र को परीक्षा भवन में प्रवेश से नहीं रोक सकता : हाई कोर्ट

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि एडमिट कार्ड जारी करने के बाद सीबीएसई परीक्षा भवन में प्रवेश करने से नहीं रोक सकता है। जस्टिस सी हरिशंकर की बेंच ने दसवीं के एक छात्रा को परीक्षा में बैठने की अनुमति देने का आदेश जारी करते हुए ये टिप्पणी की। इस मामले पर अगली सुनवाई एक अप्रैल को होगी। कोर्ट ने सीबीएसई को नोटिस जारी करते हुए दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि ये सोच से परे है कि किसी छात्र या छात्रा को एडमिट कार्ड जारी करने के बाद उसे परीक्षा भवन में प्रवेश नहीं करने दिया जाए।

## लोकसभा चुनाव: आप ने दिल्ली और हरियाणा के लिए पांच उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली और हरियाणा में इंडी गठबंधन के तहत मिली सीटों पर आज उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पूर्वी दिल्ली से कुलदीप कुमार, नई दिल्ली से सोमनाथ भारती, दक्षिण दिल्ली से सही राम पहलवान और पश्चिमी दिल्ली से महाबल मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह आप की ओर से सुशील गुप्ता कुरुक्षेत्र से उम्मीदवार होंगे। आप नेता संदीप पाठक, गोपाल राय और आतिशी सिंह ने यहां एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में इन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। उन्होंने कहा



कि आम आदमी पार्टी इंडी गठबंधन में है। पांच राज्यों में आप 23 उम्मीदवार उतारेगी। पांच की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में सात लोकसभा सीटें हैं। सात में तीन सीटों चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली कांग्रेस के खाते में गई हैं। इसके अलावा गुजरात में कांग्रेस 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि आप भावनगर और भरूच निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस चंडीगढ़ और गोवा की दो लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

## कांग्रेस और वामपंथी एक, ये मिलकर काम करते हैं: पीएम मोदी

**तिरुवनंतपुरम**

प्रधानमंत्री केरल दौरे पर रहे। पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कांग्रेस और वामपंथी ऊपर से एक दूसरे के विरोधी दिख सकते हैं, लेकिन जब कोई नहीं देख रहा होता तो ये मिलकर काम करते हैं।'प्रधानमंत्री ने कहा कि तिरुवनंतपुरम आना हमेशा अच्छा लगता है और ये शहर और यहां के लोग काफी अच्छे हैं। जनसभा से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी को मंच पर सम्मानित भी किया।



**'विपक्ष हार मान चुका है'**

पीएम मोदी ने सेंट्रल स्टेडियम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह मेंअपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा और देश की प्रगति को लेकर उसके पास कोई खाका नहीं है इसलिए वह उन्हें भला-बुरा कहने की रणनीति अपना रहा है। कांग्रेस और इसके वामपंथी सहयोगियों की सिर्फ एक प्राथमिकता है और वो है अपने परिवार को बढ़ावा देना। इनके लिए परिवार का कल्याण भारतीयों के कल्याण से ज्यादा अहम है। हर कोई जानता है कि एलडीएफ और यूडीएफ ने केरल में शिक्षा व्यवस्था तैयार की है और राज्य के युवाओं को उच्च शिक्षा में कितनी परेशानी होती है, ये भी सभी जानते हैं। तीसरे कार्यकाल में हम केरल के शिक्षण संस्थानों के विकास के लिए काम करेंगे, जिससे गरीबों और मध्यम वर्ग को मदद मिल सके। प्रधानमंत्री ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें।

## भारत ने बनाया भ्रूण की उम्र तय करने वाला पहला एआइ मॉडल



**नई दिल्ली**

भारत ने भ्रूण की उम्र तय करने वाला पहला एआइ माडल बना लिया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास और ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलाजी इंस्टीट्यूट (टीएचएसटीआइ), फरीदाबाद के शोधकताओं ने पहली बार भारतीय आबादी को ध्यान में रखकर ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) माडल 'गर्भिनी-जीए2' विकसित किया गया है जो गर्भवती महिला में उसकी दूसरी व तीसरी तिमाही में भ्रूण की सटीक उम्र तय कर सकता है।

**गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल हो सकेगी**

गर्भिनी जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की पहल गर्भ-आइएनआइ है। आइएनआइ का मतलब इंटरडिसिप्लीनरी ग्रुप फार एडवांस्ड रिसर्च आन बर्थ आउटकम है। शोधकताओं ने बताया कि भ्रूण की सटीक उम्र का पता लगने से गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल और सटीक प्रसव तिथियां निर्धारित करने में भी मदद मिलेगी।

**भ्रूण की उम्र का सटीक अनुमान लगेगा:** इस समय भारत में पश्चिमी देशों के लिए विकसित फामूर्ले का उपयोग करके डाक्टर भ्रूण की उम्र निर्धारित करते हैं,

इससे त्रुटि की आशंका बढ़ जाती है। शोधकताओं की टीम ने सोमवार को कहा कि 'गर्भिनी-जीए2' नामक माडल भारतीय आबादी के लिए भ्रूण की उम्र का सटीक अनुमान लगाता है, इससे त्रुटि लगभग तीन गुना कम हो जाती है।

## स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे, आने वाला समय हमारा है: गोयल

**नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ भारत की विकास गाथा को प्रतिबिंबित करता है। गोयल ने कहा कि उनका मानना है कि स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे। आने वाला समय हमारा है। गोयल ने नई दिल्ली में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के 'स्टार्टअप महाकुंभ' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने भारत



स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री और स्टार्टअप महाकुंभ की वेबसाइट और लोगो भी लॉन्च की। उन्होंने देशभर में 57 विविध स्टार्टअप पदचिह्नों को एक मंच पर लाने के लिए इस आयोजन की सराहना की। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप सेक्टर नए भारत की रीढ़ है। उन्होंने स्टार्टअप महाकुंभ में उद्यमिता और नवप्रवर्तन के इच्छुक युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि यह एक वार्षिक कार्यक्रम की शुरूआत का प्रतीक है, जो 2016 में अपनी स्थापना के बाद से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता की कहानियों और क्रांति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप क्षेत्र ने विभिन्न क्षेत्रों में विचारों के साथ नवाचार करने की अपनी क्षमता साबित की है।

## बिहार में कांग्रेस-राजद को बड़ा झटका, 3 विधायकों ने पाला बदला

**पटना**

बिहार में सत्ता बदलने के बाद भी सियासी 'खेला' जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रदेश की विधानसभा में एक बड़ी घटना घटी। दरअसल, महागठबंधन के तीन विधायकों ने अपना पाला बदल लिया। इस घटनाक्रम में कांग्रेस को दोहरा झटका लगा है। वहीं, जन विश्वास यात्रा पर निकले पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की पार्टी राजद के महागठबंधन की मजबूती के दावे की हवा निकलती दिख रही है।

**कांग्रेस के 2 और राजद के 1 विधायक ने बदला पाला**

जानकारी के अनुसार, बिहार में मंगलवार को विधानसभा में कांग्रेस के दो विधायकों और राजद की एक महिला विधायक ने अपना पाला बदला है। बिहार में नीतीश कुमार के विश्वास मत के बाद भी विधायकों के पाला बदलने का सिलसिला जारी है।

## कांग्रेस पर दबाव: वायनाड लोकसभा सीट छोड़ेंगे राहुल गांधी?

**वायनाड**

**आइएनडीआइए गठबंधन** के भरोसेमंद साझेदार वामपंथी दल राहुल गांधी पर खुलकर इस बात का दबाव बना रहे कि वे केरल के वायनाड़ से दुबारा चुनाव लड़ने की बजाय उत्तर भारत से भाजपा के खिलाफ चुनावी ताल ठोकना चाहिए। वामदलों का साफ कहना है कि 2024 के चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने के लिए कांग्रेस और राहुल को हिन्दी भाषी प्रदेशों में उसे सीधी चुनौती देनी होगी। इतना ही नहीं वामपंथी नेताओं ने राहुल पर सियासी तंज कसते हुए कहा भी है कि केरल से चुनाव लड़ने के फैसले को भाजपा उनके खिलाफ चुनावी रण से भागने के रूप में प्रचारित करेगी।

**वामपंथी गठबंधन ने एनी राजा को उतारा**

वामदलों ने दरअसल कांग्रेस और राहुल गांधी के केरल से चुनाव लड़ने के औचित्य पर सवाल उठाने की वामदलों की रणनीति की



मुख्य वजह वायनाड सीट से एनी राजा की भाकपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा है। केरल की सत्ताधारी वामपंथी गठबंधन एलडीएफ में बनी सहमति में वायनाड सीट भाकपा के खाते की है। पार्टी ने एनी राजा को उम्मीदवार बनाया है जो भाकपा महासचिव डी राजा की पत्नी हैं। दिलचस्प यह है कि विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन के शीर्ष नेताओं में शामिल डी राजा के राहुल गांधी से काफी अच्छे रिश्ते हैं। लेकिन वायनाड सीट दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच रस्साकशी का केंद्र बन गया है।

**राहुल गांधी का फोकस उत्तर भारत पर हों -लेफ्ट**

डी राजा समेत भाकपा नेताओं ने राहुल के यहां से चुनाव लड़ने पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भाजपा को चुनौती देने के लिहाज से यहां से कोई संदेश नहीं जाएगा। पार्टी के अनुसार केरल के साथ दक्षिण भारत में भाजपा का ज्यादा प्रभाव नहीं है और ऐसे में राहुल का फोकस उत्तर भारत पर होना चाहिए। एलडीएफ की अगुआई कर रही माकपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी एनी राजा की उम्मीदवारी का समर्थन करते हुए राहुल के वायनाड़ में बने रहने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है।

**लड़ाई भाजपा से तो लेफ्ट के खिलाफ उम्मीदवारी क्यों?**

माकपा सांसद विनय विश्वम ने कहा कि राहुल वायनाड से चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा यह प्रचारित करेगी कि कांग्रेस ने शिकस्त के भय से पहले ही मैदान छोड़ दिया है। ऐसे में भाजपा को चुनौती देना है तो कांग्रेस को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। माकपा पोलित ब्यूरो की सदस्य वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने कहा कांग्रेस और राहुल गांधी कहते हैं कि उनकी लड़ाई भजापा से है तो ऐसे में केरल आकर वामपंथी दलों से लड़ कर आप क्या संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एनी राजा ने देश में महिला आंदोलन में अहम भूमिका निभाई है और ऐसे में कांग्रेस को अपने फैसले पर दुबारा सोचना चाहिए।

**कांग्रेस को सता रहा इस बात का डर**

हालांकि वामपंथी नेताओं के इस दावे से इतर कांग्रेस की ओर से पुख्ता संकेत हैं कि राहुल गांधी वायनाड ही नहीं उत्तरप्रदेश में गांधी परिवार की अपनी परंपरागत सीट से भी चुनावी ताल ठोकेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पिछले हफ्ते अमेठी में राहुल की मौजूदगी के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसका साफ संकेत भी दिया। लेकिन राहुल की मौजूदगी के कारण 2019 के चुनाव में केरल में लगभग सफाया का सामना करने वाले वामपंथी दल 2024 में भी इसकी आंशका से ग्रसित हैं।

# नवविवाहिता ने ससुराल में फांसी लगाकर दी जान

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के अमरसापुर लालगंज गांव में एक नवविवाहिता ने मंगलवार को दिन में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु एसआरएन भेज दिया। थरवई क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी अरविंद यादव की बेटी खुशबू (21) की शादी मई 2023 में लालगंज ज्ञानचंद्र पुत्र रामसुचित के साथ हुई थी। मंगलवार अपराह्न खुशबू अपने कमरे में लोहे का दरवाजा अंदर से बंद करके छत में लगे चुल्ले में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। परिजनों को जानकारी हुई तो रोना-पिटना मच गया। घटना की सूचना पीआरबी पुलिस को दी गई। कमरे में कोई खिड़की नही होने से ग्राइंडर मशीन से दरवाजे की कुंडी काट कर शव को नीचे उतारा गया। सूचना पर

**ग्राइंडर मशीन से लोहे का कुंडा काटकर पुलिस कमरे में पहुंची**



रोते-बिलखते मायके वाले भी पहुंचे। लड़की के पिता की सूचना पर एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह, इंस्पेक्टर पंकज कुमार राय, उपनिरीक्षक शुभम शर्मा ने मौके पर घटना के बाबत पूछताछ की। इंस्पेक्टर ने बताया परिजन घटना का कारण नहीं बता सके। पूछताछ में पति पत्नी में मनमुटाव की जानकारी मिली है। ज्ञानचंद्र एक नमकीन की फैक्ट्री में काम करता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## कोटेदारों पर घटतौली करने का आरोप, उपभोक्ताओं पर जताते हैं एहसान

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के कोटेदारों पर घटतौली करने का आरोप लगाया जा रहा है।कई बार दौडाने के बाद देने के बाद खाद्यन्न देने कर उल्टा जताते हैं उपभोक्ताओं पर एहसान। मऊआइमा क्षेत्र में उपभोक्ताओं ने कोटेदारों पर घटतौली करके खाद्यन्न देने के लिए आज कल देने का वायदा करके पहले दौडाया जाता है।जब किसी तरह खाधान्न देते हैं तो घटतौली करते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कोटेदार अपने को ऐसा साबित करते हैं जैसे वह सरकारी सामग्री न देकर अपने पास से देकर एहसान कर रहे हैं। आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र के समस्त कोटेदारों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए पहले आज कल पर दौडाने के बाद वितरण के समय ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे वह सरकारी सामग्री न देकर अपने जेब से दे रहे हैं। कोटेदारों की इस करतूतों से उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

## जल जीवन प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**मेजा।** केन्द्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्राम पंचायतों में घर घर शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से सरकार युद्ध स्तर पर आदेश निर्देश जारी किया है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को मेजा ब्लाक से प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि लोगों को दूषित जल और उससे होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों से छुटकारा मिले इसी उद्देश्य की पूर्ति के केंद्र सरकार ने योजना को संचालित किया है जिसका तेजी से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस योजना से भू-जल का दोहन कम होगा। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुशान्तु पाण्डेय,वरिष्ठ सहायक बाबू रामकृष्ण गुप्ता बोरिंग टेक्नीशियन राजेश तिवारी अशोक सिंह चंचल सिंह पटेल सहायक बोरिंग टेक्नीशियन, जनमंजय जल निगम मिस्त्री एवं राममनु बिन्द सहित बहुत से लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### निःशुल्क नेत्र शिविर में 275 लोगों की हुई जांच 65 ऑपरेशन के लिए चिन्हित



**सहसों।** रोहित गेस्ट हाउस सहसों में स्वर्गीय सेठ प्यारेलाल केसरवानी की पुण्य स्मृति में मंगलवार को विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट से आए नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा 275 नेत्र रोगियों का जांच किया गया एवं 65 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। नेत्र शिविर आयोजन का शुभारंभ आयोजक पूर्व प्रधान राहुल केसरवानी ने अपने पिता स्वर्गीय सेठ प्यारेलाल केसरवानी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलंन कर किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पिछले 5 वर्षों से लगातार प्रत्येक माह के 27 तारीख को आयोजित होता चला आ रहा है। जिसमें गरीब, असहायों एवं जरूरतमंदों के सहायता के लिए इस विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर शिविर में सहयोग प्रदान करते प्रधान संघ मंडल उपाध्यक्ष क्रांति गुरु गणेश वल्लभ ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जरूरतमंद लोगों को बहुत सहयोग मिलता है यह मानव सेवा के लिए बहुत ही पुनीत का कार्य है। इस अवसर पर सोहनलाल केसरवानी, अमित जायसवाल, सिराज अहमद, महेंद्र, रंजीत यादव, आशीष कुमार, शिवम केसरवानी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवा व्यवसायी के निधन पर शोक लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**सहसों।** सहसों बाजार निवासी व्यवसायी सूर्यकांत त्रिपाठी के पुत्र युवा व्यवसायी 30 वर्षीय प्रशांत त्रिपाठी उर्फ सचिन का असामयिक आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सचिन त्रिपाठी की सोमवार की रात अचानक तबीयत खराब होने से परिजन उपचार के लिए प्रयागराज के एक चिकित्सालय में ले गए जहां इलाज के दौरान रात लगभग 10 बजे उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही पत्नी, माता-पिता समेत अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार की सुबह क्षेत्रीय संभ्रांत व्यक्तियों सहित आदि लोग उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार सतनाग घाट पर कर दिया गया। अंतिम संस्कार में शामिल जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला कोषाध्यक्ष आशीष कुमार केसरवानी, भाजपा नेता सत्यम मिश्रा हिंदू , रमेश कुमार द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, उमेश केसरवानी, पूर्व प्रधान राहुल केसरवानी, राकेश प्रसाद मिश्रा, प्रदीप कुमार मिश्रा, जय कृष्ण सोनी, डॉ कृष्ण चंद्र पांडे एवं मनोज कुमार प्रजापति सहित आदि लोगों ने परिजनों को सांत्वना व शोक प्रकट करते भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर मृतक आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया।

### शोक सभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि



**शंकरगढ़।** सोमवार को राजा महेंद्र प्रताप सिंह के अत्यंत करीबी सेवक झल्लर के निधन पर कोठी समेत इलाके में शोक दौड़ गई।सभी ने झल्लर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। राजा कमला कर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में बोर्ड परीक्षा के उपरांत विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य एवं विद्यालय के प्रबंधक महाराव राजा महेंद्र प्रताप सिंह के अनन्य सेवक झल्लर के निधन पर एक शोक सभा आयोजित हुई, जिसमें दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा राज परिवार को इस आघात को सहने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह, रामबोध खरवार, अजय सिंह, वकील शुक्ल, ओपी धारिया, हरीकृष्ण, समीर समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### मृतक के परिजनों के घर पहुंचे पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह, बंधाया ढांढ़स



**करछना।** दिल्ली के अलीपुर में केमिकल फैक्ट्री में आग की घटना में मरने वाले डीहा गांव के दो कर्मचारियों की मौत के बाद दिल्ली अलीपुर से उनका शव रविवार सुबह लगभग आठ बजे डीहा गांव उनके घर पहुंचा तो चारो तरफ मातम छा गया हर तरफ चीख पुकार ही सुनाई देने लगी मृतक कृपाशंकर यादव उम्र 40 वर्ष पिता का नाम स्वर्गीय पन्ना लाल यादव व हरिश्चंद्र यादव उम्र 50 वर्ष पिता का नाम स्वर्गीय राम लोटन यादव बताया गया दोनो ही परिवार पर अब आर्थिक संकट गहरा गया है दोनो ही परिवार मे दोनो मृतक ही भरण पोषण करते थे। सोमवार को पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह परिजनों को ढांढस बंधानेबनाने पहुंचे और दुख की इस घड़ी में उनके साथ होने की बात कही और साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## सिरसा गंगा घाट पर पक्का पुल की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



**मेजा।** मेजा तहसील और हड़िया तहसील को जोड़ने के लिए सिरसा घाट पर पक्का पुल बनाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने मांग तेज कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को समाज सेवी रामशिरोमणि तिवारी के नेतृत्व में मेजा तहसील मुख्यालय पर धरना - प्रदर्शन कर तहसीलदार मेजा रवि प्रकाश सिंह को पीएम मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंन सन 2000 में तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री डा.मुरलीमनोहर जोशी द्वारा की गई कवायद का जिक्र करते हुए बताया कि इस दौरान सर्वे भी कराया जा चुका था। प्रस्तावित मांग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मेजा तहसील से हड़िया तहसील जाने के लिए लोगों को प्रयागराज होकर 180 किमी की दूरी तय करना पड़ता है सिरसा गंगा नदी पर पुल बन जाने से यह दूरी महज 8 किमी के बराबर तय करनी होगी। जिससे क्षेत्रीय जनता को भारी खर्च के साथ अधिक समय गवाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज और मिजार्पुर की 80 किमी की दूरी में गंगा नदी में एक भी पुल न होने के कारण मेजा,करछना, बारा और कोरांव के अलावा मध्य प्रदेश के यूपी से सटे जिलों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मौके पर मुन्नन शुक्ल,बाबा तिवारी,नितेश तिवारी,कमलेश मिश्र सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बीडीओ ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है लक्ष्य : अमित मिश्रा**



**माण्डा।** नाबार्ड के सहयोग से आयोजक संस्था विकास प्रयागराज द्वारा माण्डा ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जूट उत्पाद बैग, फोल्डर्स फाइल, तथा विभिन्न प्रकार के झोले आदि के निर्माण एवं विपणन से सम्बंधित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ अमित मिश्र, विशिष्ट अतिथि डीडीएम नाबार्ड अनिल कुमार शर्मा, एलडीएम समीर पात्रा, एडीओ जैनेंद्र कुमार राव प्रधान संघ के अध्यक्ष राजमणि त्रिपाठी सहित आयोजक संस्था विकास के निदेशक डॉ सत्येन्द्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर के किया। इस अवसर पर माण्डा, भरारी और हंडिया ग्राम पंचायतों के 6 स्वयं सहायता समूहों से 30 महिलाएं प्रशिक्षण में शामिल हुई हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमित मिश्रा ने कहा कि महिलाओं का स्वावलंबी बनना बहुत आवश्यक है और यह प्रशिक्षण उनके लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए आगे कहा कि तैयार किये जाने वाले जुट उत्पादन के विपणन के लिए स्थानीय तथा डिजिटल मार्केटिंग नेटवर्क बनाने से महिलाओं का स्वरोजगार सृजन आसान हो सकेगा। इस अवसर पर आयोजक संस्था के निदेशक डॉ एस के सिंह ने 15 दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जुट उत्पाद सामग्री बैग, फाइल, फोल्डर्स आदि के निमार्ण के साथ ही विपणन के प्रति उनमें हुनर विकसित करने के साथ ही एक दिन की एक्सपोजर विजिट भी कराई जायेगी ताकि वे संचालित जूट उत्पाद के व्यापार को देखकर के प्रोत्साहित हो सकेंगी। डॉ सत्येन्द्र सिंह ने जूट अर्टिजन्स प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ से आई हुई मुख्य प्रशिक्षक श्रीमती आरती सिंह से परिचय कराया जो कि 15 दिन यहीं रहकर के प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक नाबार्ड अनिल कुमार शर्मा ने नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि महिलाओं के रोजगार उत्थान के लिए नाबार्ड सतत प्रयासरत रहता है। इस अवसर पर एलडीएम समीर पात्रा ने कहा कि एक समय था जबकि लाभार्थी बैंक के पास जाता था और अब बैंक ही लाभार्थियों के पास जाकर के वित्तीय मदद देने को तत्तपर रहता है। एडीओ आइएसबी जैनेंद्र कुमार राव ने ब्लॉक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं सहित राष्ट्रीय आजीविका मिशन के बारे में विस्तार से परिचय कराया। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष राजमणि द्विवेदी ने भी अपने विचारों से महिलाओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बी.एम.एम. विवेक तिवारी, श्रीमती रेनु कुमारी ने प्रतीक पांडेय कुमारी रेनू सहित तकनीकी सहायक भोला नाथ पांडेय एवं संदीप कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## मैं सांसद बना तो आपके सुख दुःख का रहूंगा साथी : डा संगम मिश्र

अखंड भारत संदेश

**कोरांव के लक्ष्मी गार्डेन में आयोजित हुई प्रधान एवं बीडीसी संगठन की बैठक**



**प्रयागराज।** प्रधान एवं बीडीसी संगठन के पदाधिकारी की संयुक्त बैठक लक्ष्मी गार्डेन कोरांव में आयोजित की गई।जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉ संगम मिश्र रहे। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि डॉ संगम मिश्र ने इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। और कहा कि यदि मुझे यहां से आप लोगों ने सांसद बना कर दिल्ली भेजा तो हम आपके लिए हर हर सुख-दुख में सदैव खडा रहकर सेवा करुगा। बैठक की अध्यक्षता प्रधान संघ कोरांन रामानुज यादव तथा संचालन प्रांत संस्कृत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद काशी प्रान्त शंकर देव त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप शुक्ला, वेद प्रकाश सिंह , अशोक सिंह, अर्जुन प्रसाद तिवारी, एस,के. तिवारी डायरेक्टर सेंटर एकेडमी सीताराम यादव अनंत प्रसाद नंदकिशोर बीडीसी अनंत गुप्ता हरिहर प्रसाद राधेश्याम अशर्फीलाल बीडीसी यश विक्रम त्रिपाठी विवेक मिश्रआदि के अलावा कई अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## राजा मौर्य भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने, समर्थकों में हर्षोल्लास



**जंघई।** पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजयुमो प्रतापपुर, निवर्तमान सदस्य भाजयुमो जिला गंगापार कार्यसमिति वारी गांव निवासी राजकुमार राजा मौर्य डायरेक्टर केंद्रीय उपभोक्ता भंडार को युवा संवाद कार्यक्रम भाजपा ओबीसी मोर्चा फूलपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा गंगापार जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा बनाया गया है। जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राजा मौर्य को शुभकामनाएं देते हुए उनसे पार्टी को और मजबूत बनाने हेतु अपेक्षा की है। केशरीदेवी पटेल (सांसद फूलपुर, विधायक प्रवीण पटेल व गुरु प्रसाद मौर्या, अमर नाथ यादव चेयरमैन फूलपुर, कविता पटेल जिलाध्यक्ष गंगापार, विजय पटेल जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अनिरुद्ध सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष गंगापार, किरण त्रिवेदी जिला उपाध्यक्ष गंगापार, अमरनाथ तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष गंगापार, विमलेश पटेल चेयरमैन केंद्रीय ऊपभोक्ता भंडार प्रयागराज, विश्व गौरव जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा गंगापार, सीबी यादव महामंत्री पिछड़ा मोर्चा गंगापार, इंजीनियर प्रवीण पटेल जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा गंगापार, राजकुमार पटेल जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा गंगापार, रोहित केशरी, काका मिश्र, चंद्रजीत यादव, सुरेंद्र मौर्या, अनिल मौर्या सभासद, आलोक गुप्ता, संदीप द्विवेदी, सुरेंद्र पटेल, अमित गुप्ता आदि लोगों ने राजा मौर्य को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित करते हुए गौ सेवा का संकल्प लिया





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी पुराने यमुनाब्रिज के नीचे आजाद जी के 93 वें बलिदान दिवस पर समिति ने निराश्रित गो माताओं की सेवा हेतु समर्पित आजाद गोधाम (पुराने यमुनाब्रिज के नीचे, नैनी) को आजाद जी के श्री चरणों में श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित करते हुए, गौ सेवा का संकल्प लिया। तत्पश्चात हर वर्ष की भांति त्रिवेणी संगम स्थिति भईया जी का दाल भात के प्रांगण में भंडारे का आयोजन हुआ, भंडारे के पश्चात आजाद पार्क पहुंच कर दीप दान और मल्यापर्ण करके मां भारती के वीर सपूत को नमन किया उपरोक्त कार्यक्रमों में शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक समिति के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण पाण्डेय, बिपिन पाण्डेय, सौम्या पाण्डेय, सुशील पाण्डेय, रमाकांत यादव ( विधायक), दिलीप शुक्ला, दिलीप मिश्रा, धर्मेंद्र, बच्चा गुप्ता, कुलदीप यादव, रजत शुक्ला, कृष्णानंद पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, बब्बू यादव आदि लोग शामिल रहे।

## दो बाइकों की आपस मे टक्कर में एक की हालत नाजुक अन्य जख्मी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो बाइकों के आपस में टक्कर हो जाने से एक बाइक सवार की हालत नाजुक बनी हुई है जबकि दो अन्य जख्मी हैं। नाजुक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बोडीपुर धरौता निवासी इन्द्रजीत और उसका दोस्त एक बाइक पर सवार हो कर प्रयागराज जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे वह लूटमार चौराहे पर पहुंचे सामने से आ रहे बाइक सवार अशोक कुमार पुत्र मटटर निवासी गुलकाईपुर टकरा गए। जिससे इन्द्रजीत की हालत नाजुक होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य को मामूली खरौंच आने से मामूली उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

## विद्यालयों में शिक्षण की बारीकियां साझा कर बच्चों को बनाएं निपुण : कैलाश सिंह

**बीआरसी मेजा में संचालित चार दिवसीय एफएलएन के चतुर्थ बैच के प्रशिक्षण का हुआ समापन**



**मेजा।** खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह के नेतृत्व में ब्लाक संसाधन केंद्र मेजा में संचालित चार दिवसीय एफ.एल.एन. के चतुर्थ बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 22 फरवरी से 27 फरवरी तक चला जिसमे मेजा ब्लॉक के100 शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में बताया गया कि बच्चों में कैसे बुनियादी भाषा और संख्यात्मकता का विकास किया जाय इसके लिए शिक्षकों द्वारा नएझ नए नवाचारों एवं गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया जिसके द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास सम्भव हो सके। प्रशिक्षण में बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षण तकनीक पर विशेष जोर दिया गया। ए आर पी डा.गोपाल कृष्ण यादव द्वारा सभी शिक्षको शिक्षिकाओं को शिक्षक संदर्शिका के दैनिक प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया गया तथा इसके द्वारा कक्षाझ्रशिक्षण करने हेतु प्रोत्शाहित भी किया गया। गौरतलब है कि चार दिवसीय एफएल एन प्रशिक्षण की मुख्य जिम्मेदारी ए.आर.पी. डा. गोपाल कृष्ण यादव , गिरीश तिवारी ,कमलाकांत पाण्डेय तथा राम निरंजन को सौंपी गई थी। प्रशिक्षण के समापन के मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण की जो बारीकियां बताई गई हैं उसे विद्यालयों में बच्चों के साथ गंभीरता पूर्वक अमल में और बच्चों को निपुण बनाएं तभी हमारा एफएल एन प्रशिक्षण पूरी तरह सफल होगा और ब्लाक संसाधन केंद्र मेजा निपुण ब्लॉक बनेगा। इस मौके पर संदीप कुमार, बैकुंठ गिरि, सबिस्ता अली, पूनम साहू,रेखा,राधिका दयाल,ईशा रानी, मूर्ति संदीप गुप्ता खरबंदा, रविशंकर, प्रदीप कुमार यादव, आशीष चौधरी, संजय कुमार,अजय प्रताप तथा महेश कुमार के अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने दिया अल्टीमेटम, भेड़...भैंसों के साथ देंगे धरना

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह का कहना है कि प्रशासन के अफसरों को चेतावनी दी गई है कि यदि किसानों की बात न सुनी गई तो अबकी बार धरना स्थल पर कई दिनो तक अनशन किया जाएगा और किसान अपने जानवर भेड़, बकरी, भैंस भी लेकर वहीं पहुंचेंगे।

**400 भेड़-बकरियां लेकर निकले थे किसान :**

इससे पहले सोमवार को किसान नेताओं ने विरोध का नया तरीका निकाला था। प्रयागराज के किसान झलवा से कचहरी तक 400 भेड़-बकरियों के साथ प्रदर्शन को निकल पड़े थे। पीछे ट्रैक्टर मार्च और आगे भेड़ों की भीड़। ऐसे में प्रयागराज-कानपुर मुख्य मार्ग पर अजीब सा नजारा हो गया है। सड़क पर भेड़ों के चलने से कुछ मिनट में ही भीषण जाम लग गया। किसान नेता मंगलवार को भी प्रदर्शन की तैयारी में थे लेकिन उन्हें रोक दिया गया। भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह का कहना है कि 400 भेड़ो के साथ शहर तक मार्च निकाला। ट्रैक्टर भी बड़ी संख्या में थे। प्रशासन किसानों की आवाज नहीं सुन रहा है। फिर ऐसा आंदोलन होगा। गांव से लेकर कादिलापुर तक जिन जमीनों का अधिग्रहण किया गया है उसमें घोटाला हुआ है। दोनों लेखपालों ने किसानों की जमीनों का माफियाओं से मिलीभगत करके फर्जी रिपोर्ट लगाकर कब्जा करवा दिया। रिंग रोड में अधिगृहीत की जा रही किसानों की भूमि पर गुण्डा गर्दी करके खेतों में खड़ी फसल को बर्बाद किया जा रहा है।

## मेजा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम कल

**मेजा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह 29 फरवरी को ब्लॉक परिसर मेजा में आयोजित होगा। यह जानकारी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुशांतु पांडेय ने देते हुए बताया कि कुल 32 जोड़ों का विवाह और एक जोड़े का निकाह होगा। जिसमें मेजा से 13 जोड़ों का विवाह और एक का निकाह, मांडा से 16 जोड़ों और उरुवा से 3 जोड़ों का विवाह शासन की मंशानुरूप कराया जायेगा।

## गीता मानस मंदिर में भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

**झूंसी।** झूंसी क्षेत्र के कनिहार लगड़ीपुर गांव स्थित गीता मानस मंदिर में ब्रह्मलीन सद्गुरू स्वामी गीतानंद महराज की स्मृति में माघी पूर्णिमा के दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भंडारे जुटे साधु-संतों तथा अनुयायियों ने गीतानंद भिक्षु महराज द्वारा रचित 'गीता मानस' का पाठ किया गया। रोहित, अजय, हरिओम यादव रंजीत, लल्ला, सुरेंद्र, ईश्वरचंद विश्वकर्मा, रेनू, रेखा, रोजी, अंजली, आशा आदि उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने किया नगर निगम द्वारा 03 सड़कों पर कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने नगर निगम द्वारा 03 सड़कों पर कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अल्लापुर पुलिस चौकी से ओल्ड गेट रोड वाया बक्शी बांधी पम्पिंग स्टेशन बाघम्बरी गद्दी, बालसन चौराहा पेट्रोल पम्प से दर्शन चौराहा (अलोपी देवी मन्दिर के सामने) तथा घोस स्वीट हाऊस से शुक्ला मार्केट, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, सलोरी का निरीक्षण करते हुए वहां पर कराये जा रहे सड़क चौड़ीकरण, सुदृढीकरण, पटरी, नाली / नाला निर्माण के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आई०एस० मानक के अनुरूप चेकिंग करने तथा अभियन्ताओं को निरन्तर साइड विजिट करने के निर्देश दिये गये। साथ ही विजिट रजिस्टर में रिकार्ड की इण्ट्री पूर्ण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को फटकार लगाते हुए उसे शीघ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में कई स्थानों पर जी०एस०बी० में सैग्रीगेशन पाये जाने पर उसे तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये जा रहे झूंसी ककरा लीलापुर रोड का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर भी सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

# मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा जैसी : देवी जया गौतम





अखंड भारत संदेश

**बारा।** तहसील मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथावक्ता देवी जया गौतम ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम रासलीला का वर्णन करते हुए कहा कि जीव का शिव से मिल जाना ही तो रास है। यह काम को बढ़ाने की नहीं, बल्कि काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूरे सामर्थ्य के अनुसार आक्रमण किया है, लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर सका। सुदामा कृष्ण की मित्रता का मनोहारी वर्णन किया। मुख्य यजमान रामविशाल शुक्ल एवं सुमित्रा देवी ने भागवत भगवान की दिव्य आरती उतारी और उपस्थित श्रोताओं का आभार जताया। इस अवसर पर अरुण कुमार केसरवानी, सूर्यमणि मिश्रा, संतोष जायसवाल, ब्रिजेश त्रिपाठी, शिवबाबू केसरवानी, राजेश मिश्र, सतीश ओझा, शिवओम मिश्र, सुमन्त भार्गव रामचंद्र शुक्ल, रामचन्द्र मिश्र, गंगाप्रसाद मिश्र, पंकज केसरवानी, अनिल उपाध्याय, योगेश शुक्ल एवं प्रभाकांत मिश्रा सहित समस्त शुक्ला परिवार व श्रद्धालु उपस्थित रहे।


## वृद्ध दंपति ने लगाई पुलिस आयुक्त से मदद की गुहार

**हंडिया।** जनपद प्रयागराज के हंडिया थाना के ग्राम बिंदा निवासिनी श्रीमती बालकुमारी उर्फ मालती पत्नी सुधीर मिश्रा ने मदद के लिए पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज से सोमवार को गुहार लगाई है। उनका कहना है कि मेरे बेटे के ऊपर अनजान आदमी ने व्यापार में धांधली करते हुए रुपया गबन का आरोप लगाया है, जबकि बेटा काफी समय से बाहर रहता है। आरोप लगाने वाला व्यक्ति खुद को छत्तीसगढ़ व घटना की जगह छत्तीसगढ़ बता रहा है परंतु प्रयागराज आकर हम वृद्ध पति-पत्नी को परेशान कर रहा है। जबकि आरोप लगाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध थाना रायपुर छत्तीसगढ़ में फर्जी आरोप के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है। थाना हंडिया से मदद न मिलने पर बालकुमारी का विश्वास है कि आयुक्त पुलिस, प्रयागराज उनकी सहायता अवश्य करेंगे, जिसका उनको आश्वासन भी मिला है।

# बोर्ड परीक्षा : ऑनलाइन मॉनिटरिंग में सेंटर्स पर मिली गड़बड़ी

**सुरक्षा के मानक अधूरे पाए गए, प्रयागराज-जौनपुर और देवरिया के केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ कार्रवाई होगी**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) में बने कंमाड रूम ने मंगलवार को जौनपुर एवं देवरिया के एक-एक परीक्षा केंद्रों में गड़बड़ी को पकड़ा। कमांड रूम के कैमरे ने पाया कि यहां के परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम नहीं है। जौनपुर के केंद्र का सीसीटीवी डीवीआर सही नहीं पाया गया। जिसके बाद दोनों ही परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के खिलाफ कार्रवाई को लिखा गया है ।ऐसे ही प्रयागराज के दो केंद्रों का निरीक्षण स्वयं बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने किया। एक केंद्र सुभाष चंद्र बोस इंटर कालेज कादिलपुर स्ट्रांग रूम की खिड़की सील नहीं थी। यहां सुरक्षा के मानक पूरे नहीं थे। सीसीटीवी डीवीआर भी ऑनलाइन नहीं मिला। इस केंद्र के खिलाफ कार्रवाई को जिला विद्यालय निरीक्षक को लिखा गया है।

## 1.33 लाख परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

मंगलवार को हाईस्कूल गणित की परीक्षा में 1.33 लाख से अधिक परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। विभिन्न जिलों के परीक्षा केंद्रों से चार साल्वर भी पकड़े गए हैं व चार नकलची दबोचे गए हैं। प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित एवं इंटर में व्यवसायिक वर्ग का पेपर था। प्रथम पाली में 8,269 परीक्षा केंद्रों पर 21,26,179 परीक्षार्थी पंजीकृत थे पर 1,33,945 परीक्षा केंद्र से गैरहाजिर रहे। द्वितीय पाली में हाईस्कूल में आटोमोबाइल एवं इंटर में गृहविज्ञान की परीक्षा थी। इस परीक्षा में 5965 केंद्रों पर 3,05,324 परीक्षार्थियों में 12,894 अनुपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव लड़कर अपना हक लेंगे : राजीव जायसवाल

**नैनी।** नैनी अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा की इकाई उत्तर प्रदेश की एक ऐतिहासिक बैठक का आयोजन उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचन्द जायसवाल के निवास स्थान गोरखपुर में आगामी 10 मार्च दिन रविवार को सुबह 10 बजे से 5. तक समाज के सम्मानित पदाधिकारियों जनप्रतिनिधि एवं समाज के पत्रकार बन्धुओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव कुमार जायसवाल ने दी है। राजीव जायसवाल ने स्मरण कराते हुए कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश में 2014 व 2019 के लोकसभा चुनावों में एक भी टिकट हमारे समाज को नहीं दिया था। 2017 के विधानसभा चुनाव में तीन पुराने के अतिरिक्त एक भी अन्य टिकट समाज के लोगों को नहीं दिया था। 2020 से लगातार भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रहे स्वतंत्र देव सिंह से महासभा के पदाधिकारियों ने मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया था। उनके कार्यकाल 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन पुराने विधायक को टिकट के अतिरिक्त तीन अन्य स्वजाति बन्धुओं को भी टिकट मिला था कुछ आशा की किरण दिखाई देने लगा था किन्तु उत्तर प्रदेश अध्यक्ष के बदलते ही पुनः हमारे समाज की उपेक्षा होने लगी। नगर निकाय के चुनाव में तीन वर्तमान महापौर के स्थान पर मात्र एक को टिकट एवं नगर एवं टाउन एरिया में भी में भी टिकट देने में भी उपेक्षित किया गया। पुनः भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ने हमारे समाज की उपेक्षा पूर्णतः शुरू कर दी। इसलिए मजबूर होकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़कर अपना हक लेने का निर्णय लिया गया है। इसी सन्दर्भ में ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रयागराज से उत्तर प्रदेश प्रभारी मीना जायसवाल उत्तर प्रदेश महासचिव आशीष जायसवाल, रीना जायसवाल महासचिव महिला शाखा सुनीता जायसवाल अध्यक्ष विधानसभा उत्तरी प्रयागराज, जिलाध्यक्ष युवा राहुल जायसवाल बैठक में ऐतिहासिक निर्णय में साक्षी होंगे।

# महाविद्यालय में सप्त दिवसीय विशेष शिवर का किया गया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम तथा इकाई द्वितीय के सामूहिक तत्वधान में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन हुआ ,जिसका विषय। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, सुदृढ़ भारत है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ आए हुए अतिथियों का स्वागत व माल्यार्पण द्वारा किया गया। इसके पश्चात का राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेश कुमार पटेल ने एनएसएस द्वारा अब तक किए गए कार्यों को पॉवर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राचर्य प्रो ओम प्रकाश ने छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ साथ सामाजिक ज्ञान प्राप्त होता है, जिसके कारण वह समाज के विकास तथा उसकी उन्नति में अपना पूर्ण रूप से योगदान दे पाते है । प्रो मंजू लता ने बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए बताया कि हर एक व्यक्ति को सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए तथा सामूहिक रूप से एकत्रित होकर कार्य को करना चाहिए। महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग प्रभारी व परीक्षा प्रभारी प्रो नीतू सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि छात्रों के शिक्षित होने से समाज का विकास होता है और समाज का विकास होने पर ही सुदृढ़ भारत का निर्माण होगा तथा कैंप के दौरान स्वयंसेवियों को अनुशासित रहने व भाईचारे की भावना को विकसित करने पर बल दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक, शास्ता मंडल प्रभारी प्रोफेसर ए के झा ने कहां कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को से कर्मठता कार्य करना तथा समाज के प्रति जागरूक होना होगा तभी कैंप की सार्थकता सिद्ध होगी। अपने सुझाव में कहा कि शिक्षा, संस्कृति और संस्कार का भी एक पाठ अवश्य प्रत्येक कैंप में होना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. रफत अनीस ने बच्चों को अनुशासन संबंधित मार्गदर्शन दिया तथा इस कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस उद्घाटन समारोह मीडिया से सुधांशु शर्मा व श्रीकान्त शाह, महाविद्यालय के प्रध्यापक डॉ. हरगोविंद, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. होसिता गुप्ता, डॉ विपिन कुमार, डॉ. मीनाक्षी राठौर, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. अर्चना राय, डॉ. नूर फातिमा, डॉ. हेमलता, डॉ अंकित मिश्रा के साथ साथ अन्य प्राधापकगण एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने लक्ष्य गीत गाया तथा स्वयंसेवी होने राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए शपथ ग्रहण कर और कार्ययोजना के अनुसार स्वयंसेवी अपने अपने कार्यों में लग गए।

## न्यूज झरोखा

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मऊआइमा में हुए अनेकों कार्यक्रम



**मऊआइम।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनेकों स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास खंड मऊआइमा के ग्राम हरिसेनगंज, सकरामऊ के सैकड़ो युवाओं ने चुनाव महोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लिया ।उक्त कार्यक्रम जागृति पांडे (जिला युवा अधिकारी) नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के निर्देशन में तथा अदनान उल्ला खान (कार्यक्रम सहायक) नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के सह निर्देशन में संपन्न हुआ। युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान सतीश कुमार,द्वितीय स्थान हरिकेश कुमार एवं तृतीय स्थान शिवम कुमार ने प्राप्त किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय कुमार (युवा समाजसेवी) ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत युवाओं को मतदान पर्व के बारे में बताया कि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होता है। संचालन सुरेश कुमार पटेल पूर्व एन वाई वी नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज व स्वतंत्र ग्रामोत्थान युवा मंडल ग्राम सकरामऊ विकासखंड मऊआइमा के अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मणिलाल विश्वकर्मा,नरेंद्र कुमार राम कैलाश आरती, ज्ञान प्रकाश युगल किशोर राजेश आदि लोगों का योगदान साराहनीय रहा।

### प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह का भव्य स्वागत



**नैनी।** नैनी में प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह का शंकर ढाल पर किया गया स्वागत महानगर महामंत्री शनि सिंह व उपाध्यक्ष किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में किसान मोर्चा कार्यकताओं ने शंकर ढाल नैनी पर प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया मालाअर्पण कर एवं अंग वस्त्र प्रदान करके स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर ने कहा कि देश में भाजपा की लहर चल रही है पुणे भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः बनेगी इस अवसर महामंत्री शनि सिंह उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मंत्री अरुण दुबे पार्षद मयंक यादव नितिन केसरवानी प्रदीप तिवारी नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा महामंत्री उमेश सेन कार्यपालिका सदस्य पियूषकांत मिश्रा राजन भाई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण



**झूंसी।** विहंगम योग संस्थान की इकाई अक्षर फाउंडेशन के द्वारा विज्ञान देव महाराज के पावन सान्निध्य में झूंसी, छतनाग में 2 विद्यालय तथा फूलपुर, चकरा के तीन प्राथमिक विद्यालयों सहित 5 विद्यालयों में 500 बच्चों के मध्य उपहार सामग्री के रूप में पाठ्य सामग्री वितरित किया गया। संत प्रवर विज्ञान देव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि- बच्चे केवल भविष्य ही नहीं हैं बच्चे देश के वर्तमान भी हैं। देश हमारा आगे बढ़े, हर दृष्टि से हमारा प्यारा देश भारत आगे बढ़े इसमें आपकी जो भूमिका है और होने वाली है वह बहुत अद्भुत है। आप सबों के अन्दर भी योग, अध्यात्म का प्रवेश हो हम सबों की यही शुभेच्छा है। योग साधना के अभ्यास से आप सभी अन्दर से मजबूत बनोगे और अपनी शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ोगे। उन्होंने बताया प्रतिवर्ष 25 फरवरी को न सिर्फ भारत भूमि में अपितु विश्व के अन्य देशों में भी स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य-सामग्री उपहार स्वरूप वितरित किया जाता है।

# विद्यालय और बस्ती में मृत्यु अंत्येष्टि स्थल निर्माण का विरोध

**जिला विकास अधिकारी ने बीडीओ तथा एडीएम जन सुनवाई ने डीपीआरओ को कार्यवाही का दिए निर्देश,लेखपाल ने भी निर्माण कार्य को अनुचित बताया और तहसीलदार को आख्या भेजी**

अखंड भारत संदेश





मृत्यु अंत्येष्टि स्थल को विद्यालय और बस्ती के निकट बनाए जाने की तैयारी के दृश्य

**कोराव।** ग्राम पंचायत जमुआ धूंस में अल्हवा और धूंस बॉर्डर पर विद्यालय और बस्ती से सटे हुए स्थल पर मृत्यु अंत्येष्टि स्थल का निर्माण किए जाने का ग्रामीणों छात्रों अभिभावकों ने कड़ा विरोध जताया है जिसकी शिकायत जिला प्रशासन से सछम अधिकारियों से की गई है।

बता दें कि ग्राम घूस ब्लॉक कोरांव में मृत्यु स्थल निर्माण हेतु स्वीकृति मिली है। जिसे ग्राम प्रधान ब्राह्मणों की बस्ती और मान्यता प्राप्त प्राइमरी स्कूल के बगल अस्मशान के करीब सात आठ विश्वा भूमि पर निर्माण शुरू करा रहे हैं। जब की प्रस्ताव भूखंड संख्या 168 करीब एक बीघा भूमि मह चकमार्ग सहित बेलन नदी के किनारे गांव से आठ सौ मीटर दूर स्मशान के नाम खतौनी में अंकित है। और वहां सदैव जल भरा रहता है।वहां भू अतिचारियों के इशारे और बचाने तथा कब्जा न खाली कराने के उद्देश्य से गांव के किनारे उपयुक्त स्थान पर नहीं बना रहे हैं। जिससे विद्यालय के छात्र और अभिभावकों ने बस्ती के लोगों ने विरोध किया है। उक्त निर्माण कार्य करीब बारह तेरह बिस्वा में बनाया जाना चाहिए। जबकि सात आठ विश्वा में ही बनाया जाने की तैयारी की जा रही है। प्रदूषण और बच्चों तथा बस्ती केबलोगों के बगल मरघट बनवाया जाना नितांत अनुचित है। जब कि नवीन परती बंजर के भी नंबर बहुत अवैध कब्जों में है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंध तंत्र सोशल वर्कर आदि नि जिलाधिकारी डीडीओ डीपीआरओ प्रयागराज को लिखित रूप से उक्त निर्माण कार्य का विरोध किए जाने और गांव से दूर निर्माण किए जाने की शिकायत की गई। जिस पर डीडीओ प्रयाग राज ने बीडीओ कोरांव और बी ई ओ कोराव को स्थलीय जांच और विद्यालय से दूर निर्माण किए जाने को कहा है। और एडीएम नागरिक आपूर्ति जनसुनवाई प्रभारी प्रयागराज ने डी पी आर ओ प्रयागराज की कार्यवाही का आदेश दिया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार स्मशान की भू संख्या 168 पर निर्माण कार्य हेतु पंडित भरत लाल तिवारी ने भूमि पूजन भी किया था। और प्रस्ताव भी 168 भू खंड के ही लिया किया था। किंतु प्रधान ने राजनैतिक बस भू माफियाओं के इशारे पर विद्यालय के ही बगल जहा कोई आने जाने का रास्ता भी नहीं है वहां निर्माण कार्य कराया जाना सरासर अनुचित है। क्योंकि विद्यालय के छात्रों को जलती लाशों और प्रदूषण से अपूर्णनीय क्षति तथा मानसिक पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। और वहां आने जाने के लिए चकमार्ग भी न होने से एवं जल भराव युक्त नाला पोखरा नदी न होने से भी उक्त स्थल अनुपयोगी होगा। जबकि लेखपाल ने भी स्थलीय रिपोर्ट करके उक्त स्थल पर निर्माण कार्य को अनुचित करार दिया है और तहसीलदार कोरांव को आख्या प्रेषित की है। फिलहाल खंड विकास अधिकारी कोराव आदि ने भी मौका मुआयना कर समुचित निर्णय लिए जाने का आश्वाशन दिया है। और इंजीनियर्स को भी उक्त विद्यालय के बगल निर्माण कार्य को स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिए।

# सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से कराएं अनुपालनः जिलाधिकारी

### डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण सड़के जो हाईवे से मिलती है वहां पर स्पीड ब्रेकर बनवाये जाये जिससे दुर्घटनायें न होने पाये। शहर की ट्रैकिफ व्यवस्था ठीक न पाये जाने



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

पर ईओ नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि शहर में जो पार्किंग स्थल है उन्हें सुदृढ़ और चालू करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास भवन रोड पर फिर से दुकानदारों द्वारा कब्जा किया जा रहा है इस हेतु ईओ नगर पालिका के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि दुबारा अभियान चलाकर कब्जो हटाया जाये और दुबारा कब्जा उस पर न होने पायं। बैठक में बताया कि 631 बिना फिटनेस वाहन चल रहे है।

इसके लिये जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि विन्ध्याचल सिंह को निर्देशित किया कि वे स्कूल के वाहन स्वामियों से वार्ता कर एक माह में वाहनों का फिटनेस एवं वाहन भी फिट कराये जाये। चैक घंटाघर एवं सदर मोड़ पर जो गड्ढे थे उसे अभी तक ठीक न कराये जाने पर जिलाधिकरी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये चार दिन के अन्दर गड्ढो को ठीक कराकर सूचित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनपद में जो भी ब्लैक स्पाट है उसे जल्द से जल्द ठीक कराया। उन्होने कहा कि जनसामान्य को हेलमेट लगाने के सम्बन्ध में जागरूक करें और इसका शत् प्रतिशत अनुपालन करायें। जिलाधिकारी ने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शराब पीकर वाहन चलाने व तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में जनपद की सड़क दुर्घनाओं, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिये की गयी समन्वित प्रवर्तन की कार्यवाही का लक्ष्य निर्धारण एवं विशलेषण, सड़क सुरक्षा के मामलों में किये गये प्रवर्तन कार्यो सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओ0पी0 चौरसिया, एआरटीओ दिलीप गुप्ता व बी0के0 सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई बोन टीबी की सर्जरी

### राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में हुई पहली सर्जरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बोन टीबी से परेशान मरीजों के लिए खुश खबरी। उन्हें अब इधर उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी। क्योंकि अब जिले के मेडिकल कालेज में इस सर्जरी की सुविधा हो गई है। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में बोन टीबी की पहली सर्जरी से इसकी शुरुआत की गई।

डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज में हड्डी की जटिल सर्जरी हो रही है। इसका लाभ मरीजों को मिल रहा है। लेकिन बोन टीबी से परेशान मरीजों की सर्जरी की सुविधा फिलहाल नहीं थी। इसके आपरेशन नहीं होते थे। डाक्टरों के अनुसार इस तरह के केस में टीबी का नाम पर मरीज को सही इलाज नहीं हो पाता। सही डैगनोश के बिना उनका टीबी का इलाज शुरू कर दिया जाता है। जिससे मरीजों को भटकना पड़ता है। बीमारी बढ़ती जाती है। पट्टी के रहने वाले मनोज मिश्र 24 साल पिछले कुछ महीनों से बोन टीबी से जूझ रहे थे। उन्होंने कई जगह दिखाया लेकिन कोई सही डैगनोज नहीं सका। मनोज के अनुसार उन्होंने कुछ दिनों पहले मेडिकल कालेज के हड्डी के सर्जन सचिन कुमार को दिखाया। एमआरआई की जांच के बाद पता चला कि उसको रीढ़ की हड्डी में बोन टीबी है। डाक्टर ने बताया कि इसकी सर्जरी होगी। गुरुवार को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में मनोज की सर्जरी हुई। डाक्टर सचिन कुमार का कहना है कि मनोज मिश्रा को रीढ़ में बोन टीबी थी। उसकी सर्जरी हुई। सर्जरी की टीम डाक्टर राकेश चैरसिया, एसआर डाक्टर सुदीप सिंह, बबुना शामिल थी।

# गुणवत्ता के साथ समय सीमा में अंत्येष्टि स्थल का कार्य करें पूरा

### अधिशाषी अधिकारी ने निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका सई नदी के किनारे चांदमारी में 45 लाख की लागत से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कर रही है। इस निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का आज नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने आकस्मिक निरीक्षण करते हुए निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्वक कार्य करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य समयबद्ध सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये।

बताया गया कि अभी तक नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी अंत्येष्टि स्थल नहीं बन पाया था। उत्तर प्रदेश शासन से मिले 45 लाख की लागत से छायादार प्लेटफार्म तथा लोगों को बैठने के लिये छायादार स्थल बनाया जा रहा है।



वेट लैण्ड स्थल का निरीक्षण करते ईओ राम अचल कुरील।

अभी तक लोग सई नदी के किनारे खुले में अंतिम संस्कार कर रहे थे। खास तौर से बरसात में बहुत दिक्कत होती थी। बहुत दिनों से नगर पालिका द्वारा अंत्येष्टि स्थल बनाये जाने की मांग उठ रही थी।

आज अधिशाषी अधिकारी के निरीक्षण में उनके साथ राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सिंह व सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इस अंत्येष्टि स्थल से 50 मीटर की दूरी पर बन रहे जल शुद्धीकरण के लिये ढाई करोड़ की लागत से वेट लैण्ड का भी अधिशाषी अधिकारी ने निरीक्षण किया। बताया गया कि यह वेट लैण्ड का निर्माण आगामी मार्च माह में पूरा हो जाएगा। इस वेट लैण्ड से लोगों को शुद्ध जल प्राप्त होगा।

## एन एस एस के शिविरार्थियों ने कालेज परिसर मे किया श्रमदान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चैथे दिन मंगलवार को शिविरार्थियों ने कालाकांकर आलापुर राजमार्ग के साथ महाविद्यालय आंतरिक परिसर मे श्रमदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव ने शिविरार्थियो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि एन एस एस के शिविर से बहुत कुछ सीखने को मिलती हैं शिविर के माध्यम से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आती है इसलिए शिविर मे जो भी कार्य करना पड़े उसे करने मे संकोच न करें। इस मौके पर तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ डाल चंद आनंद, भूपेश सिंह एवं डॉ सृष्टि के निर्देशन में सभी शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

# इंटर की केमेस्ट्री परीक्षा में 3000 परीक्षार्थी हुए शामिल

### जिले के सात परीक्षा केन्द्रों पर हुई सीबीएसई की परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षाएं प्रतापगढ़ के सात परीक्षा केंद्रों क्रमश न्यू एंजिल्स सी से स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज और पंडित नागेश दत्त पब्लिक स्कूल में हुई।

आज कक्षा-12 की केमिस्ट्री का पेपर हुआ। इस परीक्षा में प्रतापगढ़ के 37 सीबीएसई के विद्यालयों के लगभग 3000 परिक्षार्थी शामिल हुए। सीबीएसई बोर्ड की तरफ से ऑफिशियल



न्यू एंजिल्स स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

वेबसाइट पर सभी छात्रों की मदद के लिए सैंपल पेपर बहुत पहले हीं जारी कर दिया गया था। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा एवं प्रधानाचार्य वीके सोनी ने बताया कि केमिस्ट्री का पेपर कुल पांच सेक्शन में बंटा था। इसमें बहुविकल्पीय, लॉन्ग और शॉर्ट क्वेश्चन मिलाकर कुल 33 प्रश्न थे। सेक्शन ए बहुविकल्पीय प्रश्नों का था। इसमें कुल 16 प्रश्न पूछे गए थे और हर एक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित था। ऐसे में यह सेक्शन कुल 16 अंकों का था। क्वेश्चन पेपर के सेक्शन बी में शॉर्ट आंसर के 5 प्रश्न पूछे गये और प्रत्येक प्रश्न के लिये 2 अंक निर्धारित थे। यह सेक्शन में कुल 10 अंकों के लिए था। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्न पत्र बहुत सीधा और सरल था। सभी प्रश्न एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक से ही लिए गए थे। प्रश्न पत्र के लॉन्ग आंसर वाले प्रश्न अपेक्षाकृत अधिक लंबे मगर आसान थे। काफी परीक्षार्थियों को केस बेस्ड प्रश्न थोड़े मुश्किल लगे। कुल मिलाकर केमिस्ट्री का पेपर बहुत संतुलित था। अच्छे अंकों के लिए लगभग सभी ने उम्मीद जताई।



परीक्षार्थियों की गेट पर तलाशी लेते शिक्षकगण।

## हाईस्कूल गणित की परीक्षा में 3761 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

### परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती के कारण नकलचियों की नहीं गल रही दाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में आज पहली बेला में गणित का पेपर था। इस गणित परीक्षा में जिले के 42769 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 39008 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 3761 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। इसी बेला में इंटर की व्यवसायिक की परीक्षा हुई। इसमें 582 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 552 ने परीक्षा दी। 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय बेला में इंटरमीडिएट का गृह विज्ञान एवं व्यवसाय अध्ययन में 4749 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 4470 ने परीक्षा दी। 279 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती देखने को मिल रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह स्वयं कई विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों पर जा रहे हैं। परीक्षा केन्द्रों पर बिना तलाशी के अंदर नहीं दिया जा रहा है। वैसे परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है और सभी परीक्षा केन्द्र कन्ट्रोल रुम से जुड़े हुए हैं। इससे नकल की सभी संभावनाएं समाप्त कर दी गई है, फिर भी चैकसी बरती जा रही है।

# अस्थान गांव की बदहाली सड़क से ग्रामीणों में आक्रोश

### वर्ष 2016 के बाद कागजो पर चल रहा मरम्मत कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह ग्रामीण क्षेत्र के गावों की सड़क को मुख्यमार्ग से जोड़ने के लिए लोकनिर्माण विभाग को कड़े निर्देश के साथ पानी की तरह पैसा दे रही है तो वही दूसरी तरफ लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजो पर सड़क का डामरीकरण व मरम्मत दिखाकर सरकार को गुमराह करते हुए सरकार की सारी मंशा पर पानी फेर रहे है। विभाग की इस रवैया के चलते ग्रामीणो मे आक्रोश दिखाई दे रहा है।

अस्थान गांव के आक्रोशित ग्राम प्रधान युवराज साहू व ग्रामवासी ने



अस्थान गाव की सड़क बरसात से कीचड से हुई लबालब।

बताया कि वर्ष 2016 में अस्थान गांव की लोक निर्माण की एक किलोमीटर की सडक जो परियावां लवाना मार्ग से अस्थान गांव के जाने के लिए बनी हुई थी जिसका नामोनिशान मिट गया हैं सड़क डामरीकरण की जगह अब गड्ढे व मिट्टी मे तब्दील हो गई कि मंगलवार की हुई बारिश मे पुरी सड़क कीचड युक्त हो गई जिस पर राहगीरों का पैदल चलना दुस्वार हो गया है। यदि आने वाली बरसात के पहले सड़क का डामरी करण नही होता तो बारिश के दौरान ग्रामवासियो को कीचड़ युक्त सड़क से होकर गुजरना पड़ेगा। मौजूदा ग्राम प्रधान युवराज साहू ने बताया कि अस्थान गांव की एक किलोमीटर सड़क का मरम्मत कार्य लोक निर्माण के कागजो पर दो बार हो चुका लेकिन सडक जैसी की तैसी पड़ी हुई है जब कि लगभग 2-3 महीने पूर्व मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश की सड़को की मरम्मत करने के लिए पी डब्लू डी विभाग को सख्त निर्देश दिया था लेकिन 8 साल हो गये अभी तक एक भी बार अस्थान गांव की सड़क की डामरी करण तो दूर मरम्मत तक नही हो सकी सिर्फ कागजो पर मरम्मत कार्य दिखाकर विभाग सरकार को गुमराह करते हुए अपनी जेब गरम कर रहे हैं। 4-5 माह बाद बरसात का मौसम आ जायेगा जिसमे ग्रामवासियो को सड़क पर से गुजरना जानलेवा साबित होगा। जब कि उक्त गांव की सडक का नये सिरे से डामरीकरण कराने के लिए ग्राम प्रधान ने कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से शिकायत किया लेकिन शिकायत का कोई असर नही दिखाई दिया।

## जिले को निपुण बनाने में सभी का सहयोग जरुरीः सीडीओ

### सीडीओ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी, एस0आर0जी0 एवं ए0आर0पी0 के साथ की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा की अध्यक्षता में खण्ड शिक्षा अधिकारी, एस0आर0जी0 एवं ए0आर0पी0 की समीक्षा बैठक क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा करते हुये कहा कि मैं खुद निपुण पर कार्य करूंगा, जनपद को निपुण बनाने में जो सभी सहयोग होगा उसे प्रदान करूंगा और समय-समय पर अपना सुझाव भी देता रहूंगा। शिक्षक उपस्थिति एवं छात्र उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, यदि हमारे बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आयेगें तो जरूर सीखेगें और सीखेगें तो हमारा विद्यालय निपुण बनेगा। यदि शिक्षक अभिभावक आत्मीय सम्बन्ध है तो बच्चे प्रतिदिन विद्यालय जरूर आयेगें। उन्होने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने एआरपी के साथ नियमित बैठक करें। कम्पोजिट ग्रांट से विद्यालयों की रंगाई पुताई आकर्षक ढंग से करायी जाये इसमें किसी भी प्रकार शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उप शिक्षा निदेशक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हम लोग एक इकाई की तरह काम करें और अपने जनपद को आगे ले जाने में अपना सम्पूर्ण योगदान प्रदान करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यालयों में नवाचार का प्रयोग किया जाये, हमारे एआरपी कई विद्यालयों में भ्रमण करते हैं जो भी नवाचार उन्हें मिले उसे अन्य विद्यालयों में भी लागू करवायें यदि पानी स्थिर हो जाता है पीने योग्य नहीं रह जाता है इसलिय हमें नित नये नवाचार करते रहना चाहिये। नये नामांकन पर अभी से सकारात्मक माहौल बनाया जाये। अभिभावक शिक्षक बैठक विद्यालय में आहूत की जाये और प्रेरित किया जाये कि उनके बच्चे प्राथमिक विद्यालय में नामांकित हो, वार्षिक परीक्षा की भी तैयारी अभी से प्रारम्भ कर दें। अपने जनपद में 17 मॉडल विद्यालय चयनित किये गये है जहां स्पेस लैब की स्थापना की जाये। अन्त में उन्होने कहा कि जिस ब्लाक की प्रगति निराशाजनक होगी उसकी जवाबदेही तय की जायेगी। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता जितेन्द्र यादव, डीसी प्रशिक्षण योगेन्द्र सिंह, डीसी निर्माण प्रदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

# लूर्ड्स मेरी जूनियर हाईस्कूल का मना ३७वां स्थापना दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सिविल लाइन्स स्थित लूर्ड्स मेरी जूनियर हाईस्कूल में 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर ग्रैण्ड पैरेन्टस डे मनाया गया। लूर्ड्स मेरी जूनियर हाईस्कूल की स्थापना सन् 1987 को लुईस की माता मरियम को समर्पित करके की गयी थी।

कार्यकम के अर्न्तगत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ0 शिवानी मातनहेलिया रहीं व विशिष्ट अतिथि के रूप में मिथलेश सिंह, अमृत लाल वर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि विद्यालय में बड़ों के आर्शीवाद कि परम्परा के कारण ही बच्चों में संस्कारो की नींव डाली जा सकती है व उनको समाज का उत्तम नागरिक बनाया जा सकता है, अतः इन संस्कारों के साथ 37 वर्ष पूर्ण करना ये बहुत हर्ष की बात है व बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी को इस प्रकार सम्मान देकर

### दादा-दानी व नाना-नानी को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित





स्थापना दिवस पर समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

इस दिन को मनाने से अच्छा और कुछ नही हो सकता। विशिष्ट अतिथि के रूप में फादर ग्रेगरी डिसूजा ने भी विद्यालय के 37 वर्ष पूर्ण होने पर अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यकम के अन्तंगत उपस्थित दादा-दादी व नाना-नानी को स्मृति चिह्न भी दिया गया। कार्यक्रम के अर्न्तगत दादा जी की छडी, नर्सरी रॅम्स, नाटिका, देशभक्ति नृत्य, सांस्कृतिक नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अर्न्तगत आयुप, ऐना डिसूजा, राधव पाण्डेय, आर्यवीर, अबु हमज़ा, पुष्कल, विष्णु, अनुराग, शौर्य, अनुभव, समर्थ, हंज़ला, युसुफ, अम्बुज, शाश्वत, देवराध्य, दिव्यांश, रिवित्का, सूर्याश, हसन, रवीका, अंश, काव्या, आरूषी, वीरा, अभिनव आनन्द, मो0 अयान, अंशी, वृष्णा राज, अदीवा, आदित्य सोनी, अर्श कौर, अंशुमान, श्रेयांश, अनन्त, आलिया, सिदरा, रितिका सेजल, पार्थ, पंखुडी, तन्वी, नन्दन, इकरा, अनमोल, अभिराज, प्रज्ञा, आर्यन, उत्कर्ष, अल्फाज़, शान्वी, श्रीनिका, अर्पणा, रचिता, तरनिका शुक्ला, गार्गी आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चन्द्रा मेरी डिसूजा ने किया एवं संयोजन डॉ0 प्रशोभ पौल डिसूजा व विराज ने किया। इस अवसर पर अफ्सर हुसैन आलम, नीरज अग्रहरि, लीमा डिसूजा, स्वाती पाण्डेय, शशी सिंह, विनीता सिंह, यासमीन परवीन, उमा त्रिपाठी, उर्वशी श्रीवास्तव, आकांक्षा गुप्ता, निर्मला वर्मा, संगीता शुक्ला, अपराजिता त्रिपाठी, विनीता पाण्डेय, ज्योति श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।

## ट्रक की टककर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के मानिकपुर थाना क्षेत्र के भिटहा पाटीहार निवासी आशीष कुमार यादव पुत्र माता दीन यादव (20) वर्षीय की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया सभी घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। बताया जाता है कि आशीष रविवार को अपने मौसेरी बहन को छोड़ने मंसूराबाद गया हुआ था वंहा से बहन को छोड़कर वापस अपने घर बाइक से जा रहा था कि रात को लगभग 9 बजे कुंडा कोतवाली के मवई बाईपास राधे-राधे रेस्टोरेंट के समीप तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात ट्रक ने आशीष की बाइक में सामने से टक्कर मार दिया जिससे आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया आस पास के लोगों ने सड़क पर मृत अवस्था मे पडे .आशीष की जानकारी कुंडा पुलिस को दी जानकारी मिलते ही एसआई योगेंद्र सिंह अपने स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से उसे कुंडा सीएचसी ले गये, जहां चिकित्सकों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। कोतवाल कमलेश पाल ने आशीष के मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी आशीष की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक आशीष अपने मां बाप की अकेली संतान था जो तीन बहनों में सबसे छोटा था। घटना की तहरीर परिजनों ने पुलिस को दी।

# स्कूल न जाकर खुद की कर रहे है चाकरी

### सांगीपुर में है तैनाती फोटो हुई वायरल, लालगंज नगर में चलाते है दुकान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन के लाख प्रयास के बाद भी प्राथमिक स्कूल के कुछ शिक्षक सुधरने का नाम नही ले रहे है। वह विद्यालय न जाकर खुद की चाकरी कर रहे है। चंद लोगो की वजह से लोगो की नजर में पूरा विभाग बदनाम होता है। ऐसे शिक्षक पर स्थानीय अधिकारी भी मौन दिखाई देते है।इस दशा में क्या सर्व शिक्षा अभियान का सफल हो पाना संभव है?किसी ने स्कूल के समय नगर में मौजूद होने की फोटो वायरल कर दी।

विकास खंड सांगीपुर स्थित एक कंपोजिट विद्यालय में तैनात गुरु जी स्कूल न जाकर खुद के व्यवसाय में तल्लीन है। सूत्रों की माने तो गुरु जी की विभाग में अच्छी पकड़ होने के चलते वह मनमानी पर उतारू हैं और यह नगर में ही अपनी दुकान खोल रखी है।यही नहीं स्कूल कब जाते है और कब आते है यह तो राम ही जानें। एक तरफ शासन व प्रशासन शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए परेशान दिखाई दे रहा है, वहीं कुछ विभागीय लोग व कुछ शिक्षक मिलकर सर्व शिक्षा अभियान पर पानी फेरने में लगे हुए है। इस तरह की मनमानी के चलते नौनिहालों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। स्कूल के समय लालगंज में घूमने की फोटो किसी ने अधिकारियों को भेजने के साथ ही वायरल कर दी। वायरल फोटो देखकर लोग कहते नजर आ रहे है की यह तो गुरु जी लालगंज नगर में कांपी-किताब की दुकान चलाते हैं। यह तो कभी-कभार स्कूल जाने वाले मास्टर है। यही दशा रही तो शासन की मंशा का सफल हो पाना मुमकिन नहीं है। बीएसए ने बताया की उक्त शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

## बीएसए को बता दे वहां से आयेगा तो मैं रिपोर्ट लगाता हूं

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर एबीएसए का गैरजिम्मेदाराना जवाब भी अजीब है। जब शिक्षक की लापरवाही के प्रति उनसे बात की गई तो उन्होंने खुद की जिम्मेदारी से हट कर बात करने लगे। स्वयं जांच ना करके उन्होंने कहा की बीएसए साहब को बता दें, वहां से आयेगा तो मैं रिपोर्ट लगाकर भेज दूंगा। उनका इस तरह का जवाब कहीं न कही अध्यापकों की मनमानी को मौन स्वीकृति प्रदान करता है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने उदयन सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित लाभार्थियों से वार्ता कर योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अपना स्वयं का रोजगार शुरू करने आदि जानकारी प्राप्त कर लाभार्थियों को महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत स्वरोजगार के आधार पर असंगठित क्षेत्र में हॉथ और औजारों से काम करने वाले 18 पारम्परिक व्यवसायों-बढ़ई, अस्त्रकार, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, मूर्तिकार, कुम्हार, राजमिस्त्री, टोकरी/चटाई/क्वॉचर बुनकर/झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौने बनाने वाला, नाई, धोबी, मछली का जाल बुनने वाला, नाव निमार्ता, लोहार, मरम्मतकार, सुनार, मोची, माली एवं दर्जी शामिल हैं। आवेदकों के कौशल सत्यापन के बाद 05 से 07 दिन का प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण के दौरान सरकार द्वारा रू0-500 प्रतिदिन दिये जाने का प्राविधान हैं। टूलकिट प्रोत्साहन स्वरूप रू0-15 हजार अनुदान के रूप में दिया जाता है तथा 05 प्रतिशत ब्याज की दर से रू0-01 लाख का लोन तथा पुनर्भुगतान के पश्चात 02 लाख का लोन दिये जाने का प्राविधान हैं। इस योजना के लाभ के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं पंजीकरण की तिथि पर सम्बन्धित व्यापार से संलग्न होना चाहिए तथा विगत 05 वर्षों में किसी अन्य केडिट आधारित योजना में ऋण न लिया हों, पात्र होंगे। संयुक्त निदेशक, एमएसएमई, प्रयागराज द्वारा उद्यम एवं उद्यमियों के लिए एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के सभी आवश्यक घटकों एवं प्रक्रियाओं व भारत सरकार के लक्ष्यों से भी अवगत कराया गया। जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी ने विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत किये जा रहें कार्यों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कॉमन सर्विस सेन्टर हेड सर्वेश कुमार ने कॉमन सर्विस सेन्टर के कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दिया। जिला अग्रणी बैंक जितेन्द्र कुमार चैधरी ने पीएम विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत बैंको की भूमिका विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डोमेन एक्सपर्ट संजय जायसवाल ने इस योजना के अन्तर्गत ग्राम प्रधान की महत्ता एवं भूमिका की विस्तार से जानकारी दी सहायक निदेशक एमएसएमई संजय कुमार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी का स्वागत एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री के0के0 अमर, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार एवं प्रधानाचार्य आईटीआई के0के0 राम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।






# अभी कितने निर्दोषों की मौत का इंतजार कर रहा है प्रशासन !

**नकारा सिस्टम के मेहरबानी पर बिना रजिस्ट्रेशन के विभिन्न कस्बा में चल रहे तीन दर्जन अवैध पटाखा फैक्ट्री**

**भरवारी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लगने के बाद अवैध पटाखा फैक्ट्री को बंद करने की शुरु नहीं हुई मुहिम**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय से एक्सप्लोसिव ना मिलने के बाद भी जिले के विभिन्न कस्बो में अवैध पटाखा फैक्ट्री का संचालन एक विशेष समुदाय के लोगो द्वारा बेखौफ तरीके से हो रहा है जहां बेकसूर निर्दोष लोगों को मौत बाँटी जा रही है भरवारी कस्बे में 3 वर्ष पहले भी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने के बाद कई लोगों के मौत हुई लेकिन प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया इसका नतीजा यह रहा है कि 2 दिन पहले फिर भरवारी कस्बे के पटाखा फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हो गया जिससे कई लोगों की मौत हो गई लगातार निर्दोषों की मौत होने के बाद भी जिले के अंदर बेकसूर निर्दोष लोगों को मौत बांटने वाली पटाखा फैक्ट्री का संचालन बेखौफ तरीके से हो रहा है जो पूरी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है।

# धान लाद कर जा रहे डीसीएम चालक से मारपीट कर बोलेरो सवार बदमाशो ने की लाखों की लूट

**चालक का हांथ पैर बांधकर लूट करने के बाद मौके से भागे बदमाशो का चार दिन बाद भी पुलिस नहीं लगा सकी सुराग**

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में चार दिन पहले 250 बोरी धान लाद कर जा रहे डीसीएम ट्रक को बोलेरो सवार आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने बीच सड़क पर रोक लिया और ड्राइवर का हाथ पैर बांधकर उसे नशीला पदार्थ सूंघाकर डीसीएम ट्रक में लदे लगभग ढाई सौ बोरा धान को डीसीएम से उतार कर दूसरे ट्रक से उठा ले गए चालक से 4000 नगद भी लूट लिया रात भर बंधक ड्राइवर बेहोश हालत में डीसीएम के अंदर पड़ा रहा दूसरे दिन फाइनेंसर को फोन करने के बाद जब मौके पर फाइनेंसर पहुंचा तो उसने ड्राइवर को बंधन मुक्त कराया ड्राइवर को बंधन मुक्त कराए जाने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद डीसीएम से धान लूट कांड का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है बोलेरो सवार बदमाशों का हौसला इस कदर था कि बीच सड़क पर उन्होंने लूट की घटना को अंजाम दिया है बोलेरो से तो ढाई सौ कुंतल धान नहीं जा सकता इसके लिए किसी दूसरी ट्रक का भी प्रयोग किया गया है उसको भी पुलिस नहीं खोज सकी है डीसीएम ट्रक से दूसरी ट्रक में धान उतारने वाले मजदूर पल्लेदार कहां के थे उनकी भी खोजबीन 4 दिन बाद पुलिस नहीं कर सकी है। प्रयागराज से धान लोडकर कानपुर जा रही डीसीएम गाड़ी को बोलेरो गाड़ी सवार बदमाशो ने ओवरटेक कर कोखराज थाना क्षेत्र में रोक लिया और चालक के हांथ बांधकर उसे नशीला पदार्थ सुधाकर बेहोश करने के बाद उसके पास से 4 हजार रुपए लूटकर और डीसीएम में लदे ढाई सौ बोरा धान उतार कर फरार हो गए,घटना के बाद पहुंचे फाइनेंसर कर्मचारी ने डीसीएम चालक को बंधन मुक्त कराया और पुलिस को सूचना दी,घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शासन के निर्देश पर पटाखा फैक्ट्री की जांच करने पहुँची टीम

**कौशाम्बी** जिले के भरवारी कस्बे में पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में शासन के निर्देश पर पटाखा फैक्ट्री और दुकानदारों की जांच करने के लिए एसडीएम सीओ फायर ब्रिगेड की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ भरवारी कस्बा पहुंची मंगलवार को भरवारी कस्बा में पटाखा फैक्ट्री चला रहे अन्य लोगो के घरों के ताला तोड़कर एसडीएम सीओ और फायर ब्रिगेड के अधिकारियों की टीम ने जांच की है जांच टीम द्वारा जांच के दौरान दुकान में पटाखे भरे हुए मिले है, अधिकारियो ने दुकान और गोदाम में अपना ताला लगवाकर पटाखे नष्ट कराने के लिए प्रयागराज से टीम बुलाने के लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता की है।

## पटाखा फैक्ट्री विस्फोट परिवार से मिलेगा सकिपा का प्रतिनिधि मंडल

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल कल बुधवार को भरवारी जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा और उनके साथ दुख साझा करेगा। इस आशय की जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

# आटा चक्की के अंदर सॉफ्टिन में फांसी लगाकर युवक ने किया आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर में आटा चक्की चलाने वाला एक युवक ने आटा चक्की के अंदर सॉफ्टिन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है सुबह मामले की जानकारी होने पर घटना की सूचना पुलिस को दी गई है जैसे ही युवक की मौत की जानकारी गांव वालों को लगी मौके पर भीड़ लग गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर गांव निवासी मूलचंद उर्फ विस्की उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र स्व. कमलेश केसरवानी घर पर आटा चक्की चलाता था रात में खा पीकर वह सोया था सब लोग खाना खाकर अंदर से सो गए सुबह जब भाई व मां की आंख खुली तो देखा कि चक्की के अंदर सॉफ्टीन के सहारे मूलचंद लटका हुआ है देखते ही देखते चीख पुकार मच गई और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिवार के लोगों ने बताया कि मूलचंद बीमार भी रहता था और घर में सबसे छोटा था कमलेश चंद केसरवानी के तीन लड़के थे व एक लड़की एक लड़का हुआ एक लड़की की शादी हो चुकी थी।





# 11 हजार हाईटेंशन की विद्युत तार से उतरा करेंट दो मवेशी की दर्दनाक मौत

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना के सिंघिया पुलिस चौकी क्षेत्र के खारा गांव में अपने खेत के पास शिवदास पासी की दो मवेसी बंधे थे ऊपर से गुजरी 11 हजार हाई टेंशन विद्युत तार की लाइन से बारिस के पानी से करेंट उतर आया था जिसमे बंधे दो दुधारू पशु की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी दोनों पशुओं की मौत की जानकारी मिलते ही पशुपालक की चिंताएं बढ़ गई है विद्युत करंट से पशुओं की मौत की जानकारी मिलने के बाद मौके पर तमाम ग्रामीण पहुंच गए हैं और लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश दिखाई पड़ रहा है बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है यदि विभागीय लापरवाही ना होती तो विद्युत करंट जमीन पर ना उतरता और पशुओं की मौत ना होती किसान का लाखों रुपया का नुकसान हो गया है इसकी भरपाई कौन करेगा यह बिजली विभाग की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।



## विधवा महिला ने युवक पर अस्मत से खिलवाड़ का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली की एक विधवा महिला ने अस्मत से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली सैनी पुलिस को तहरीर दी है। महिला ने तहरीर के माध्यम से बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर 23 फरवरी को शाम घर जा रही थी धूमाई रेलवे क्रासिंग के दक्षिण क्षेत्र रास्ते में विपक्षी ने मुंह दबाकर छेड़खानी करते हुए गलत कार्य को अंजाम देकर कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया विधवा महिला ने कोतवाली सैनी पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।



# पार्टी से गद्दारी का आरोप लगाकर सपा नेताओं ने विधायक पूजा पाल का फूंका पुतला

**कौशाम्बी।** राज्यसभा चुनाव में पार्टी से गद्दारी का आरोप लगाकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने समाजवादी पार्टी से चायल विधायक पूजा पाल का पुतला फुका है विधायक पूजा पाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई है मंझनपुर चौराहे पर सपाइयों ने सपा विधायक पूजा पाल का पुतला फूंककर विरोध जताया है सपाइयों ने पार्टी कार्यालय में बैठक के बाद रणनीति बनाई है राज्यसभा चुनाव में पार्टी के प्रति गद्दारी करने पर लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में चायल से विधायक पूजा पाल का पुतला फूंका है। सपाइयों ने ऊंचाहार से सपा विधायक रहे मनोज पांडेय के खिलाफ भी मुदार्बाद के नारे लगाए है। सपा कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूजा पाल और मनोज पांडे को पार्टी से निकालने की अपील की है।

## गैर इरादतन हत्या के 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराद एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवा घाट पुलिस उप निरीक्षक अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 243/23 धारा 147/ 323/ 504/ 304 भादवि से संबंधित 02 अभियुक्त 1. लल्ल सिंह पुत्र देशराज 2. राजा सिंह पुत्र देशराज नि0 गण ग्राम शाहपुर मुबारकपुर थाना महेवा घाट जनपद कौशांबी यमुना ब्रिज से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेजा गया

## हत्या का प्रयास करने वाले वंछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशांबी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उप निरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 59/24 धारा 323/504/308 भादवी से संबंधित वांछित अभियुक्त राममिलन पुत्र महादेव निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी को उस्मानपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

## न्यूज झरोखा

### दर्जनों लोगों ने ज्वाइन किया भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी कांशीराम भीम आर्मी की बैठक तिवारी तालाब में संपन्न

**तिल्हापुर कौशाम्बी** आजाद समाज पार्टी कांशीराम भीम आर्मी की एक बैठक तिवारी तालाब में संपन्न हुई जिसमें तमाम लोगों ने आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गौतम मंडल सक्रिय रोशन लाल यादव जिला उपाध्यक्ष आदित्य यादव विधान सभा उपाध्यक्ष फूलपुर राजेश वर्मा पुर्व जिला संगठन मंत्री सचिन गौतम जिला अध्यक्ष कौशांबी भीम आर्मी सुनील जोशी बाल्मीकि और एडवोकेट संतोष हेला के नेतृत्व में मीटिंग का आयोजन तालाब तिवारी पर किया गया था भारी मात्रा में उपस्थित हुए लोगों ने भीम आर्मी ज्वाइन किया और संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया कार्यक्रम में कमलेश चंद्र वर्मा. कुलदीप सिंह खालसा दिनेश गौतम. रामू गौतम एडवोकेट प्रमोद हेला. एडवोकेट बिक्की पासी. कुलदीप पासी. छोटू पासी. सुभाष पासी. गुड्डू गौतम. प्रीतम बाल्मीकि. अजय पासी. अजय पासी पू. कुट्टी हेला आदि ने भीम आर्मी मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. सुनील जोशी का हौसला बढ़ाया और सुनील जोशी ने यह संकल्प लिया कि अपना जीवन आजाद समाज पार्टी के नेतृत्व में सदैव समर्पित कर देना चाहिए।



### आमने-सामने बाइक की टक्कर में चार लहूलुहान

**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के स्टेट बैंक के सामने दो बाइक सवार आमने सामने आपस में टकरा गए जिससे दोनों बाइक में चार सवार घायल हो गए मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुष्पराज सिंह ठाकुर छींकतपुर समदा निवासी अपने साथी कमल सिंह के साथ डीजे की लाइट लेने प्रयागराज गए थे प्रयागराज से आते समय मूरतगंज के स्टेट बैंक के सामने से तेज रफ्तार से आ रही बाइक से बाइक सवार पुष्पराज सिंह टकरा गए हैं हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों को चोट आई हैं दूसरी बाइक में सवार लोगों को भी चोट आई है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है।



### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**कौशाम्बी** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में दिनांक 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जाएगा

### राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप का कौशाम्बी आगमन आज

कौशाम्बी यूपी के पिछड़ा वर्ग कल्याण,दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री एवम चित्रकूट के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप बुधवार को कौशाम्बी आयेंगे।मंत्री नरेंद्र कश्यप दोपहर 11.30 बजे कार द्वारा चायल में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित समाजिक सम्मेलन/युवा संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशांबी** थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक अरविंद दुबे ए मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 170/23 धारा 363/366376(3) भादवि व 5/6 फाक्सौ एक्ट के संबंधित केदारनाथ पुत्र तुली निवासी गौरा डेरा थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# राजस्व मैप में हेराफेरी की तहसीलदार की रिपोर्ट देने के 22 महीने बाद नहीं हुई कार्रवाई

**जिले की बदतर कानून व्यवस्था का हाल खोलती टेवा ग्राम पंचायत के राजस्व मैप नक्शा में अवैध ढंग से हेरा फेरी का मामला**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के ग्राम पंचायत टेवा के राजस्व मैप नक्शा में हेरा फेरी करके नक्से की आकृति 28 लाठा बढ़ाकर नक्शा फिर से बना दिया गया और इसका साजिश कताओं ने लाभ उठाया अपने हिस्से से ज्यादा जमीन की रजिस्ट्री कर चुके हैं और पड़ोसी के खेत पर कब्जा कर रहे हैं राजस्व आरजी 703 को हड़पने के उद्देश्य आराजी संख्या 701 के नक्शे में हेरा फेरी कर 44 लाठा जमीन को रातों रात 72 लाठा बना दिया गया है यह जमीन चकबंदी रिपोर्ट के अनुसार चकबंदी प्रक्रिया से बाहर है मामले की शिकायत तत्कालीन जिला अधिकारी से हुई जिलाधिकारी के निर्देश पर मंझनपुर तहसीलदार में संपूर्ण प्रकरण की जांच की जांच के दौरान राजस्व मैप नक्शा में हेरा फेरी उजागर हुई और तहसीलदार ने पत्र संख्या 723 सन 2022 के जरिए 26 मई 2022 को जिला अधिकारी को अपनी रिपोर्ट कार्यवाही के लिए भेज दिया लेकिन 22 महीने बीत जाने के बाद भी तहसीलदार की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी कार्यालय से कार्रवाई नहीं हुई है जब लोग जिलाधिकारी कार्यालय के उक्त पत्र से संबंधित लिपिक के पास पहुंचे और 26 मई 2022 को तहसीलदार मंझनपुर द्वारा भेजे गए पत्र की जानकारी चाही तो मालूम चला कि कलेक्ट्रेट के लिपिक के पास पत्र नहीं मिल रहा है अब सवाल उठता है कि कलेक्ट्रेट लिपिक के पास से तहसीलदार का यह पत्र कहां गायब हो गया है पौने दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इसकी जांच भी नहीं की गई है तहसीलदार की रिपोर्ट पर 22 महीने बाद कार्रवाई न होने के बाद राजस्व नक्शा में हेरा फेरी करने वाले लोग मौज कर रहे हैं और पड़ोसी की जमीन पर कब्जा करके मालामाल होना चाहते हैं इतना ही नहीं फर्जी तरीके से नक्शा में हेरा फेरी कर जमीन की बिक्री करने वाले लोगों पर अभी तक दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई है जिससे कौशांबी जिले की चौपट कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है राजेश कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी टेवा थाना व तहसील मंझनपुर ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर हेरा फेरी करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है लेकिन उसके बाद भी प्रकरण पर कार्यवाही नहीं हो सकी है बताया जाता है कि राजेश चौरसिया आराजी संख्या 703 के मालिक हैं उनकी जमीन का बैनामा प्लांट दिखाकर साजिश कताओं ने बैनामा कर दिया है बंसी लाल ने अपनी मूल जमीन को नक्शा में हेराफेरी कर जमीन ज्यादा दिखाते हुए जमीन का रजिस्ट्री बैनामा कर दिया है जबकि जांच के दौरान तहसीलदार ने बैनामा को फर्जी करार दिया है न्यायालय अपर जिला अधिकारी ने भी नक्शा दुरुस्ती के बाद इस मामले के फर्जी वाडा का पदार्फाश हो चुका है लेकिन उसके बाद भी जिनकी जमीन इस आरजी में शेष नहीं है वह जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है दूसरी तरफ हेरा फेरी का प्रकरण सब कुछ साफ हो जाने के बाद दोषी को दंड नहीं मिल सका है जिससे राजस्व प्रशासन के कार्यवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए 20 वर्षों से अधिकारियों की चौखट पर दौड़ रहा सूरदास

**कौशांबी।** विकास खण्ड मंझनपुर के अंतर्गत दीवर गांव का दोनों आँख से अंधा गरीब दास चौरसिया पुत्र पीतम्बर लाल चौरसिया सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए बीते 20 वर्षों से अधिकारियों की चौखट पर दौड़ रहा है लेकिन उसके बाद सूरदास को किसी प्रकार का सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सका है बचपन से जन्म जाति अंधे लगभग 65 वर्ष उम्र हो जाने के बाद इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है अंधे होने के बाद इनका हौसला कम नहीं हुआ और लगातार अधिकारियों के चौखट पर योजनाओं का लाभ लेने के लिए फरियाद करते रहे लेकिन अधिकारी पारदर्शी तरीके से योजनाओं के संचालन की बात करने के बाद दोनों आंख से अंधे व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं दे सके हैं मौजूदा सरकार डंका पीटती है कि हमने पूरे हिंदुस्तान में गरीब किसान दिव्यांगजन के लिए कई योजनाएं चलाई है सरकार के सांसद विधायक सरकारी योजनाओं के पारदर्शी तरीके से लागू होने की बड़ी-बड़ी बात बड़े-बड़े मंच से कर सीना चौड़ा कर लेते हैं लेकिन आज तक अंधे गरीब दास चौरसिया को सरकार के द्वारा संचालित किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है अंधे गरीब दास चौरसिया का आज तक न ही आयुष्मान कार्ड बना है और न ही कालोनी दिया गया न ही शौचालय दिया गया यह कैसी विडंबना है कि उप मुख्य मंत्री केशव प्रसाद के गृह जनपद में लोग सरकार के द्वारा पारित किए गए कानून का उलंघन करके एक गरीब असहाय अंधे को किसी ने कोई सुविधा नहीं प्रदान किया जिससे सरकार की योजनाओं के पारदर्शी तरीके से लागू होने की हकीकत का अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार कितना लोगो का भला कर रही है ऐसे कितने लोग कौशांबी में पड़े है जो सरकार के लाभ से वंचित हो चुके हैं।

## संपादक की कलम से

# उत्तर प्रदेश में पेपर लीक कांड

आप सरकार को एक इंजिन से चलाएं या दो इंजिनों से, उनमें इतनी ताकत नहीं है कि वे भ्रष्टाचार, बेईमानी को रोक सके। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भी इसका अपवाद नहीं है। उत्तर प्रदेश में तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता का उजागर होना इसका ज्वलंत उदाहरण है। हाल की पुलिस भर्ती प्रतियोगिता के प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता ने तो अब तक के पिछले सभी मामलों को पीछे छोड़ दिया है। अब खुद सरकार संदेह के दायरे में है। अब सवाल ये है कि जो सरकार प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता को नहीं बचा सकती, वो सरकार कानून और व्यवस्था के साथ ही महिलाओं की इज्जत–आबरू की सुरक्षा आखिर कैसे कर पाएगी ?

अयोध्या में राम मंदिर बनाना और सरयू के तट पर असंख्य दीपक जलाकर कीर्तिमान बनाना शायद आसान है लेकिन किसी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता बचाना उससे भी ज्यादा कठिन काम है। पुलिस और प्रशासन की तमाम मुस्तैदी के बाद भी प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता का हरण करने वाले अपना काम कर गुजरते हैं। आखिर में होता क्या है, केवल परीक्षा निरस्त होती है और कोई भी गिरोह पकड़ में नहीं आता। आ भी जाये तो उसे ऐसी सजा नहीं मिल पाती जो भविष्य के लिए नजीर बन पाए, और प्रश्न पत्रों की गोपनीयता को भंग करने से रोक पाए। हाल की पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्रों की गपनीयता के मामले में भले ही सरकार ने 391 लोगों की धर–पकड़ की है, लेकिन इससे उन लाखों लोगों के साथ न्याय तो नहीं हो सकता जिनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

आपको याद होगा कि पुलिस में सिपाही के 60 हजार से अधिक पदों के लिए 17 व 18 फरवरी को राज्?य के सभी 75 जिलों में परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों ने प्रदर्शन किया था, जिसके बाद यह पेपर रद्द कर दिया गया। में की बात ये है की प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग करने का ये संगठित अपराध उन राज्यों में ज्यादा होता है जहाँ डबल इंजिन की सरकारें हैं।

प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता बनाये रखने कि लिए उन्हें सरकार कि सबसे बदनाम पुलिस थानों में रखा जाता है। लेकिन मजे की बात ये है कि इन बदनाम थानों से आजतक किसी प्रश्नपत्र की गोपनीयता भंग नहीं हुई। प्रशासन कि लोग इसमें शामिल नहीं होते। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग करने वाले दूसरे लोग ही होते हैं। ये केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं होते। ये हर प्रदेश में होते है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार सब जगह पाए जाते है। पिछले साल राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव कि समय खुद प्रधानमंत्री जी ने राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की गोपनीयता कि मामले को चुनावी मुद्दा बनाया था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में इसी मामले को लेकर वे गुड़ खाकर बैठे हैं। उनकी मजबूरी है। उत्तर प्रदेश में उनकी अपनी पार्टी की सरकार जो है।

प्रश्न पत्रों की गोपनीयता से प्रश्न पत्र लीक करने वालों कि साथ सरकार को भी फायदा होता है। यानि अपराधी और सरकार एक ही नाव में सवार होते है। प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करने से सरकार को तगड़ी फीस मिलती है और प्रश्न पत्र लीक होने कि बाद परीक्षाएं निरस्त करने से सरकार नौकरी देने कि झंझट से भी बच जाती है। लीक करने वाले अपनी कमाई करने कि बाद चम्पत हो जाए हैं। इस काले कारोबार में शामिल चम्पत रायों को पकड़ना आसान काम है लेकिन कोई जब करे तब। लोग पकडे भी जाते हैं और छोड़ भी दिए जाते है। उन्हें उम्रकैद या फांसी की सजा नहीं होती। जो सजा होती है उससे कोई इस अपराध से तौबा करने कि लिए तैयार नहीं होता। उत्तर प्रदेश से पहले प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और दूसरे तरह की जालसाजी कि लिए मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सुर्खियों में रहती था। बहुचर्चित व्यापम घोटाला इस देश को अबतक याद होगा। लेकिन न कभी कोई मुख्यमंत्री बदला गया, न शिक्षा मंत्री, न कोई पुलिस महानिरीक्षक हटाया गया। इसीलिए ये धंधा आज भी बदस्तूर चल रहा है।

केंद्र सरकार ने हाल ही में परीक्षाओं में नकल रोकने कि लिए एक सख्त कानून बनाया है जबकि जरूरत प्रतियोगी परीक्षाओं कि साथ ही सभी परीक्षाओं कि प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने वालों कि खिलाफ कड़ी सजा देने कि कानून बनाने की थी। बहरहाल उत्तरप्रदेश की योगी सरकार अपना काम कर रही है। सरकार फिर से रिक्त पदों को विज्ञापित करेगी। फिर से परीक्षाएं आयोजित करेगी। सरकार जिस परीक्षा को निरस्त किया गया है उसके सभी आवेदकों को परीक्षा शुल्क में छूट देने की उदारता शायद ही दिखाए। या निरस्त परीक्षा को बिना नए आवेदन लिए दोबारा आयोजित करे। क्योंकि ऐसा करना घाटे का सौदा है। घाटे का सौदा कोई भी सरकार करना नहीं चाहती। भले ही मुद्दा नौजवानों कि भविष्य से जुड़ा क्यों न हो !

प्रश्नपत्र लीक करना ही अकेला अपराध नहीं है। इसके साथ ही मुन्ना भाइयों का भी धंधा जुड़ा होता है। ये मुन्ना भाई है स्कूल की परीक्षाओं से लेकर मेडिकल की परीक्षाओं और हर स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं कि लिए उपलब्ध होते हैं। इनका अपना गिरोह होता है। ये हर स्तर पर जालसाजी करने में सिद्धहस्त माने जाते हैं। आधुनिक तकनीक का सहारा लेते है। लेकिन इनकी मदद अंततोगत्वा सरकारी मशीनरी ही करती है। उत्तर प्रदेश में भी, मध्यप्रदेश में भी और बिहार में भी। यानि ये एक देशव्यापी समस्या है और इससे इसी तरह से निबटा जाना चाहिए। फिलहाल पेपर लिक कांड लोकसभा चुनाव कि हो–हल्ले में डूबने जा रहा है। इस मामले कि आरोपियों की धर–पकड़ भी बंद हो जाएगी और उनके खिलाफ मजबूत अभियोजन की तैयारी भी बंद कर दी जाएगी। लोकसभा चुनाव कि बाद देखते हैं की किसी को इसकी याद आती भी है या नहीं ?

# कांग्रेस–सपा गठबंधन ने जगाई उत्तर प्रदेश में विपक्ष की उम्मीद

**– प्रदीप कपूर**

भगवा खेमा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राज्य से गुजरने के साथ इस गठबंधन के संभावित प्रभावों से पूरी तरह वाकिफ था। सीट बंटवारे पर सहमति के बाद सपा नेता अखिलेश यादव की भागीदारी यात्रा को नई गति दे रही है। राहुल गांधी को उनकी यात्रा को अभी से ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता उत्साहित हैं क्योंकि पहली बार जमीनी स्तर के कार्यकताओं को यह विश्वास हो रहा है कि सीटों के बंटवारे पर सहमति बनने के बाद राज्य में भाजपा को हराया जा सकता है। दूसरी ओर, भाजपा के राज्य नेता घबड़ाये हुए हैं, हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनता को विश्वास दिलाया कि उन्हें राज्य की कुल 80सीटों में से 65 सीटें मिलेंगी।लेकिन भगवा खेमा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राज्य से गुजरने के साथ इस गठबंधन के संभावित प्रभावों से पूरी तरह वाकिफ था।

सीट बंटवारे पर सहमति के बाद सपा नेता अखिलेश यादव की भागीदारी यात्रा को नई गति दे रही है। राहुल गांधी को उनकी यात्रा को अभी से ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। अखिलेश और अन्य सपा नेताओं के शामिल होने के बाद यह और व्यापक होगा। दरअसल राहुल गांधी की चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बड़े समर्थन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को राज्य की महत्वपूर्ण 80सीटों के लिए लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे में तेजी लाने के लिए मजबूर किया। जिस तरह से लखनऊ और अन्य स्थानों पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय ने भाग लिया, उसने समाजवादी पार्टी नेतृत्व को लोगों के मूड को समझने के लिए मजबूर कर दिया। दूसरी ओर, कांग्रेस नेतृत्व को भी इस बात का अहसास था कि सीट बंटवारे के बाद ही अखिलेश यादव यात्रा में शामिल होंगे, इसलिए उन्होंने भी सीट बंटवारे में तेजी ला दी। शुरुआत में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 सीटें चाहती थी लेकिन बाद में 17सीटों पर समझौता कर लिया और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी को एक सीट देने पर राजी हो गई। कांग्रेस को प्रतिष्ठित वाराणसी सीट मिली जहां उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ा था। शुरुआत में समाजवादी पार्टी ने वाराणसी को अपनी सूची में शामिल किया था, परन्तु बातचीत के बाद उसने यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी। अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों में विभाजन को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं पर हाथ मिलाने के लिए शक्तिशाली मुस्लिम समुदाय का जबरदस्त दबाव था। पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान अधिकांश मुस्लिम वोट समाजवादी पार्टी को मिले थे, लेकिन लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राहुल गांधी के आक्रामक रवैये के कारण मूड कांग्रेस की ओर हो गया, जो लगातार भाजपा पर हमला कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के पास अब चुनाव लड़ने के लिए 63 सीटें हैं और पार्टी छोटे दलों और जाति आधारित समूहों के साथ इस सीटों को साझा कर सकती है। समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दलित समुदाय में प्रभाव रखने वाले चंद्र शेखर रावण की भीम आर्मी, शक्तिशाली राजपूत नेता और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह की जनसत्ता दल, जिसे राजा भैया के नाम से भी जाना जाता है, महान दल और अन्य के साथ बातचीत करेगी।

# हालात 'आपातकाल' के हैं तो नतीजे भी 1977 जैसे मिलना चाहिए

**श्रवण गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

अरविंद केजरीवाल ने राहुल गांधी की पार्टी के साथ चार राज्यों और चंडीगढ़ की 46 सीटों को लेकर अंततः समझौता कर ही लिया ! चार राज्यों में गुजरात भी शामिल है जहां 2022 के विधानसभा चुनावों में केजरीवाल ने लगभग तेरह प्रतिशत वोट प्राप्त करके प्रधानमंत्री के 56 इंच के सीने को 156 सीटों में तब्दील करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 'आम आदमी पार्टी' के मेयर-पद के उम्मीदवार की धोखाधड़ी के जरिए चंडीगढ़ में कराई गई हार ने शायद केजरीवाल का हृदय-परिवर्तन कर दिया।



अन्ना आंदोलन का स्मरण करें तो केजरीवाल अब उसी पार्टी (कांग्रेस) के साथ मिलकर मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे जिन्हें 2014 में सत्ता में लाने के लिए उन्होंने दिल्ली के रामलीला मैदान से मनमोहन सिंह सरकार की बर्खास्तगी की मुहिम चलाई थी। केजरीवाल को अहंकार हो गया था कि मोदी को सत्ता से हटाने की क्षमता भी सिर्फ. उनमें ही है। कांग्रेस से समझौते से पहले 'आप' नेता ने पिछले दिनों यहाँ तक दावा कर दिया था कि मोदी अगर 2024 में फिर सत्ता में आ जाते हैं तो 2029 में वे अकेले (केजरीवाल) ही उन्हें हटा देंगे।

केजरीवाल के उक्त दावे का तब यही अर्थ लगाया गया था कि महत्वाकांक्षी 'आप' नेता भाजपा की बी-टीम की कप्तानी कर रहे हैं। शायद यही कारण था कि 2019 के लोकसभा चुनावों में दिल्ली की सातों सीटों पर कांग्रेस के बाद तीसरे क्रम पर रहने के बावजूद वे अकेले ही लड़ना चाहते थे। कांग्रेस से समझौते के पहले केजरीवाल को खबर लग चुकी थी कि राहुल की रैलियों में किस तरह की भीड़ उमड़ रही है और अखिलेश यादव भी 'मोहब्बत की दुकान' में अपनी कमाई झोंकने की तैयारी कर चुके हैं। कांग्रेस से समझौते के बाद 'आप' नेताओं ने दावा किया कि केजरीवाल को धमकियाँ मिल रहीं थीं कि विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की कीमत जेल यात्रा से चुकाना पड़ेगी।

भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों ने इतने घातक विपक्षी गठबंधन के अस्तित्व में आ जाने की कल्पना निश्चित ही नहीं की होगी ! गठबंधन की दक्षिण भारत की टीम (स्टालिन+डीके शिवकुमार+रेवंथ रेड्डी+वाय एस शर्मिला) की चर्चा न करें तो भी उत्तर भारत में अखिलेश+तेजस्वी+सौरेन+केजरीवाल के नेतृत्व में जो ताकत खड़ी हो गई है वह वैकल्पिक राजनीति की स्थाई इबारत बनाने जा रही है। उत्तर और दक्षिण के इन सभी नेताओं को ठीक से अनुमान है कि उनके लिए इस बार नहीं तो फिर कभी नहीं वाली स्थिति है। कहा जा सकता है कि भाजपा को डर राहुल गांधी से नहीं बल्कि विपक्ष के इन नए चेहरों से लगाना चाहिए !

तमाम अवरोधों के बावजूद अगर राहुल गांधी मोहब्बत के शहर आगरा में अखिलेश की प्रतीक्षा कर रहे थे तो इसके पीछे के करण को यूँ समझा जा सकता है कि चुनाव का कुरुक्षेत्र यूपी ही बनने वाला है। भाजपा को सबसे ज्यादा चिंता भी इसी राज्य से है। राहुल-प्रियंका की रैलियों में उमड़ी भीड़ और व्यापक युवजन-असंतोष इसका कारण बन सकता है। राहुल-अखिलेश ने यूपी में अगर 2009 दोहरा दिया तो राजनीति में तूफान मच जाएगा। उस वक्त भाजपा को तब सिर्फ.दस सीटें प्राप्त हुईं थीं। कांग्रेस ने 21 और सपा ने 23 पर जीत दर्ज कराई थी। यूपी में कांग्रेस का चुनावी नेतृत्व तब राहुल के ही पास था।

याद करना जरूरी है कि 2014 के 'ऐतिहासिक' चुनावों के पहले अगस्त 2013 में यूपी के मुजफ़्फ़रनगर में हुए हिंदू-मुस्लिम दंगों में 65 जानें गईं थीं और 93 लोग हताहत हुए थे। 2019 के चुनावों के ठीक पहले पुलवामा हादसा हो गया था। दोनों घटनाओं के कारण उत्पन्न हुए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण ने चुनाव परिणामों की सूरत बदल कर रख दी थी। भगवान द्वारिकाधीश की राष्ट्र पर कृपा है कि वैसी कोई विपत्ति उत्पन्न नहीं हुई है।

जनता का ध्यान मुँडेरों पर बैठे आलोचकों की इस आशंका की तरफ भी आकर्षित किया जाना जरूरी हो गया है कि भाजपा को साधारण बहुमत जितनी सीटें भी प्राप्त नहीं होने का जो विश्वसनीय माहौल आँकड़ों मदद से देश में बनना प्रारंभ हुआ है वह कहीं विपक्षी गठबंधन को जमीनी जरूरतों से दूर कर अतिरंजित आत्मविश्वास से नहीं भर दे ? आलोचकों का यह भी पूछना है कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा द्वारा अपनाए जा रहे आक्रामक रुख का विपक्षी गठबंधन किस तरह मुकाबला कर पाएगा ? किसी भी कीमत पर चुनाव जीतने को कटिबद्ध भाजपा द्वारा ईजाद किए जा रहे तरीके राहुल की 'मोहब्बत की दुकान' के ईमानदार कानून-कायदों से बिलकुल अलग हैं।

उदाहरण के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही ग्वालियर में पार्टी-कार्यकताओं को चुनाव जीतने का मंत्र दे डाला कि :'कांग्रेस के बूथ स्तर के कार्यकताओं को चुनाव से पहले भाजपा में लाएँ। सांसद, विधायक और बड़े नेताओं को पार्टी में लाने के काम पर नेतृत्व विचार करेगा। अन्य दलों के कार्यकताओं को पार्टी में लाने से डरो मत।' अमित शाह के फामूर्ले के क्या अर्थ निकाले जाएँ ? कि पार्टी अपनी पराजय को लेकर डरी हुई है ? कि पार्टी के पास जनता को बताने के लिए अपनी ही सरकारों के कोई काम नहीं हैं ? कि भाजपा विपक्षी दलों को खत्म कर देश में सिर्फ.एक पार्टी की हुकूमत चाहती है ?

अमित शाह से चुनाव जीतने के गुर प्राप्त करने के लिए खजुराहो में भाजपा के 23,000 बूथ कार्यकर्ता उपस्थित थे। बूथ स्तर के कार्यकताओं की इतनी बड़ी उपस्थिति के बावजूद पार्टी में सत्ता के हाथ से चले जाने का डर व्याप्त है और दूसरे दलों के लोगों को तोड़ने का खुला आह्वान किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में विपक्षी गठबंधन क्या उम्मीद कर सकता है कि सत्तारूढ़ दल लोकसभा चुनाव 'चंडीगढ़ मॉडल' से नहीं बल्कि लोकतांत्रिक तरीकों से लड़ने की तैयारी कर रहा है ? ऐसा नहीं है तो क्या राहुल गांधी को अपनी तीसरी यात्रा की तारीखें भी अभी से घोषित नहीं कर देना चाहिए ? जनता की उम्मीदें इस समय यही हैं कि परिस्थितियां अगर 1975 के 'आपातकाल' के तरह की हैं तो नतीजे भी 1977 जैसे ही प्राप्त होना चाहिए!

# छात्रों को नही मिली टयूशन से मुक्ति

**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

केंद्र सरकार ने 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू कर दी। इसके हिसाब से पढाई भी शुरू हो गई किंतु छात्र पर पढ़ाई का बोझ कम नही हुआ। स्कूल के बाद भी बच्चे का तीन-चार ट्यूशन पढ़ने पड़ते हैं। बस्ते का बोझ भी पहले जैसा ही है, वह भी कम नही हुआ।



केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। अब कक्षा एक में एडमिशन की उम्र सीमा को लेकर जारी किया गया है। केंद्र द्वारा राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 2020 में एनईपी लॉन्च होने के बाद से कई बार जारी किए गए अपने निर्देशों को दोहराया है। इन निर्देशों में कक्षा एक में दाखिले के लिए बच्चे की उम्र कम से कम छह वर्ष होनी चाहिए। इसी तरह का एक नोटिस पिछले साल भी जारी किया गया था। शिक्षा मंत्रालय की ओर से 15 फरवरी 2024 को जारी पत्र में कहा गया है कि नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जल्द ही एमडिशन प्रक्रिया शुरू होने वाली है। उम्मीद है कि राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में अब ग्रेड- एक में प्रवेश के लिए आयु 6+ कर दी गई है। मार्च 2022 में केंद्र ने लोकसभा को सूचित किया था कि 14 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जैसे असम, गुजरात, पुडुचेरी, तेलंगाना, लद्दाख, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, गोवा, झारखंड, कर्नाटक और केरल में उन बच्चों के लिए एक प्रवेश की अनुमति है, जिन्होंने छह वर्ष पूरे नहीं किए हैं। पूर्व में केंद्र ने कहा था कि एनईपी शर्त के साथ न्यूनतम आयु को संरेखित नहीं करने से विभिन्न राज्यों में शुद्ध नामांकन अनुपात की माप प्रभावित होती है। एनईपी 2020 की 5+3+3+4 स्कूल प्रणाली के अनुसार, पहले पांच वर्षों में तीन से छह वर्ष के आयु समूह के अनुरूप प्री-स्कूल के तीन वर्ष और छह से आठ वर्ष के आयु समूह के अनुरूप कक्षा 1 और 2 के दो वर्ष शामिल हैं। केंद्र ने जारी निर्देश में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कक्षा एक में दाखिले के लिए न्यूनतम उम्र सीमा छह वर्ष अपनाने को कहा है।

केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नही कर सकी। कई बच्चों के बस्ते का बोझ उनके खुद के वजन से ज्यादा होता है। जबकि ऐसा नही होना चाहिए। पीठ पर बोझ लदने से बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक जाता है। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जारी कर चुके हैं। पर इस पर रोक नही लगी। छात्र को होमवर्क देना तो रोजमर्रा का काम है। इसके लिए उसे दो से तीन घंटे चाहिए। स्कूल में पांच घंटे के बाद दो से तीन घंटे उसे होम वर्क करना है। इस तरह से छोटे स्तर से ही उस पर आठ नौ घंटे पढ़ाई का बोझ रहता है। यह उम्र बच्चे के खेलने-कूदने की है ताकि उसका समुचित शारीरिक और मानसिक विकास हो। हमारी पोती अमेरिका में पढती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नही दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की पुस्तकें दो घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े। बाकी कुछ नही।

दूसरा भारत का कितना ही मंहगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का टयूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो - तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के टयूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने -जाने में भी समय लगता है। पांच टयूशन हुए तो पांच घंटे टयूशन में लगेंगे। एक से दो घंटे आने- जाने में। इस तरह से एक छात्र को पांच घंटे स्कूल में, एक से दो घंटा स्कूल से घर आने-जाने में, दो से तीन घंटे होमवर्क करने में, पांच घंटे टयूशन में और दो घंटे के आसपास उसे टयूशन आने-जाने में लगते हैं। इस प्रकार एक छात्र प्रतिदिन पढ़ाई पर 14 से 17 घंटे लगाता है। इसके पास खेलने के लिए उसे एक मिनट का भी समय नही। इसी भागदौड़ में वह बुरी तरह से थककर चकनाचूर हो जाता है। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविद के पास। ये भी हो सकता है कि पढाई के घंटो में पांच- पांच मिनट कम करके एक नया परियड बनाया जाए। उसमें छात्र को घर के लिए दिया होमवर्क स्कूल में ही पूरा कराया जाए।

देश में स्कूल बढ़िया बन रहे हैं। मोटी-मोटी फीस ली जा रही है। इसके बावजूद इनके भी छात्र टयूशन क्यों पढ़ रहे हैं। महंगे स्कूलों से तो अपेक्षा की जाती है कि ये विश्व स्तर की शिक्षा दें।दरअस्ल देश की शिक्षा के प्राइवेट सैक्टर में जाने के बाद कुकुरमुत्तों की तरह शिक्षण संस्थाएं उग गईं हैं। इन अधिकाशं का पढ़ाई-लिखाई से कोई लेना देना नही है। इनका उद्देश्य तो ऐन- केन प्रकरेण अभिभावक से पैसा वसूलना है। सबने अपने कोर्स तै कर दिए। कहां से खरीदने हैं ये तै कर दिया। स्कूल ड्रेस ही नही, जूते मौजे, बैल्ट तक स्कूल बेचने लगे। वह भी बाजार से कई गुने मंहगे दामों पर। कोई देखने वाला नही कोई सुनने वाला नही। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक बच्चे का आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। कक्षा दस के बाद उन्हें आए एस और आईपीएस की तैयारी की कोचिंग देने वाले संस्थानों में भेज दिया जाता है। इन अभिभावकों के काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नही बर्दाश्त कर पाते। वे डिपरशेन में चले जाते हैं। कुछ आत्म हत्याएं तक कर लेते हैं। ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। ये भी सोचना होगा कि अभिभावक अपने वार्ड को सरकारी स्कूल में भेजते गर्व महसूस करें। ये माने की इनमें इनके बेटे-बेटी को प्राईवेट स्कूल से अच्छी शिक्षा मिलेगी।

शिक्षाविद और सरकार को अपनी शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो। बच्चों को घर पर टयूशन पूरी तरह से बंद हों। माध्यमिक स्तर तक छात्र को ऐसी शिक्षा मिले कि स्कूल के बाद उस पर पढ़ाई का दबाव न रहे। वह आराम से खेले-कूदे। हां उसमें कोई हाबी खेल, गायन, वादन, नृत्य आदि विकसित किया जाना चाहिए। एक चीज और स्कूली छात्रों को आत्म सुरक्षा भी इसी स्तर पर सिखा कर इतना निपुण बना दिया जाए कि वह विपरीत हालात का समय पड़ने पर मुकाबला कर सके।

# मीडिया के आत्ममंथन का वक्त

सुप्रीम कोर्ट के सबसे निष्पक्ष एवं बेदाग छवियों वाले न्यायाधीशों की जब भी बात चलती है तो उनमें पूर्व जस्टिस जोसेफ कूरियन का जिक्र हमेशा होता रहा है। उन्होंने भारत के मीडिया के बारे में जो टिप्पणी की है, उस पर स्वयं देश के मीडिया से जुड़े लोगों द्वारा विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने साफ कहा कि 'मीडिया देश के लोकतंत्र, संविधान एवं सच की रक्षा करने में पूर्णतः विफल रहा है।' कैंपेन फॉर ज्युडिशियल एकाऊंटिबिलिटी एण्ड रिफॉर्म्स (सीजेएआर) की ओर से आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए जस्टिस कूरियन ने कहा कि 'किसी को भी तथ्यों की सच्ची व निडर जानकारी नहीं मिलती। लोकतंत्र के लिये सबसे बड़ा झटका यह है कि मीडिया ने देश को हताश किया है।'

उनकी निराशा निर्मूल नहीं है। जो उनकी भावना है, लगभग वैसी ही देश के उन सभी लोगों की है जो संविधान में आस्था रखते हैं और लोकतंत्र को कायम रखना चाहते हैं। उन्होंने देश के लिये आशा की अंतिम किरण उन व्हिसलब्लोअरों को बताया जो अब भी लोगों को जाग्रत करने का काम कर रहे हैं और व्यवस्था की खामियों को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के साथ खड़े होने की जरूरत बतलाई। देश की सबसे बड़ी अदालत में न्यायदान करने वाले एक जस्टिस का अगर ऐसा सोचना है तो यह मीडिया संस्थानों और उससे जुड़े सभी लोगों के लिये यह भी सोचने का अवसर है कि आखिर उन्हें (कूरियन को) ऐसा बयान क्यों देना पड़ा है।

दरअसल जस्टिस कूरियन की यह व्यथा पिछले करीब एक दशक के घटनाक्रमों का निचोड़ है जिसे हम मौजूदा शासकों की देन भी कह सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले भारत में ऐसी परिस्थितियां पहले भी आई हैं। सबसे बड़ा उदाहरण है 1975 में लाया गया आपातकाल। देश के उस कालखंड में भी मीडिया का एक बड़ा हिस्सा उसके खिलाफ खड़ा रहा। उसने इंदिरा गांधी जैसी ताकतवर, लोकप्रिय और उस दौरान तानाशाह बन गयी इंदिरा गांधी का भी मुकाबला किया था। हालांकि खुद इंदिरा जान गयी थीं कि यह मुल्क निरंकुशता को बर्दाश्त करने वाला नहीं है।

उन्होंने अंततः स्वतः ही आपातकाल हटाया लेकिन मीडिया के, जो उस दौरान प्रिंट तक ही सीमित था, किसी भी हिस्से ने उसे सराहा नहीं था। उनके निधन के चार दशकों के बाद भी दिवंगत प्रधानमंत्री को उस कलंक से छुटकारा नहीं मिल सका है। गाहे–बगाहे अब भी उस प्रसंग की याद आलोचना के स्वरों में ही होती है। यह अलग बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली से तुलना करते हुए कुछ लोग दबी जुबान में यह कहते सुनाई देते हैं कि 'वर्तमान अघोषित आपातकाल से तब का घोषित आपातकाल बेहतर था जब सामान्यजनों को तो कोई तकलीफ नहीं थी।' हालांकि लोकतंत्र के मानकों के अनुरूप किसी भी आपातकाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। किया भी नहीं जाना चाहिये। बहरहाल, जस्टिस कूरियन जब ऐसा कहते हैं तो दरअसल वे भारतीय मीडिया के इस दौरान के कायराना अंदाज और बिकाऊपन की ओर इशारा कर रहे हैं। जिस प्रकार से मीडिया का बड़ा हिस्सा मोदी, केन्द्र सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी का अंध समर्थन कर रहा है, वही सारा कुछ पूर्व न्यायाधीश के जेहन में है। दशक भर से लोग देख रहे हैं कि मीडिया ने किस प्रकार से नरेन्द्र मोदी की महामानव की छवि गढ़ने में स्वयं को झोंक दिया है। सरकार की असफलताओं का लेशमात्र भी उल्लेख न कर हर काम को उनका 'मास्टरस्ट्रोक' बतलाने वाले मीडिया ने अपने आप को चारण परम्परा में ढाल दिया है।

नोटबन्दी से लेकर कोरोना काल और मणिपुर सम्बन्धी मसलों की पत्रकारिता को देखें तो हम पाते हैं कि अधिकांश मीडिया अपने बुनियादी उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने में असफल रहा है। इतना ही नहीं, उसे सरकार से जो सवाल करने थे, वे तो उसने किये ही नहीं, वह दिये जलाने और थाली–ताली पीटने में खुद ही शामिल हो गया। वह न प्रश्न करता है न किसी को करने देता है। यही मीडिया सवाल करने वालों को देशद्रोही बतलाता है। महिलाओं के अत्याचारों में वह पीड़िताओं के साथ नहीं वरन उत्पीड़कों के साथ था। शाहीन बाग हो या किसानों का आंदोलन, महिला पहलवानों का प्रदर्शन हो या ईवीएम हटाने के लिये चल रहा वकीलों–सिविल सोसायटियों का आंदोलन– उनमें मुख्य धारा का मीडिया सिरे से नदारद था। उसकी उपस्थिति होती भी है तो खामियां ढूंढने के मकसद से। ध्यान से देखें तो देश के नफरत व विभाजन के लिए भारतीय मीडिया भाजपा व केन्द्र सरकार की बराबरी के दोषी हैं। ज्यादातर टीवी चैनल वाले मीडिया घराने चौबीसों घंटे सारा साल मोदी भक्ति में लीन रहते हैं और देश की वास्तविक परिस्थितियों का वे दर्शन नहीं कराते। उनका काम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परिभाषित व व्याख्यायित भारत की तस्वीर दिखलाना है। और तो और, श्री मोदी व सरकार के द्वारा बोले जाने वाले असत्यों को सच के रूप में पेश करने की भी उसने सहर्ष जिम्मेदारी ले रखी है।

# पत्नी ने कराई थी प्रेमी से मिलकर पति की हत्या, एसपी ने किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भरतकूप थाना क्षेत्र में गोली मारकर युवक की हत्या का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पत्नी ने ही प्रेमी से मिलकर पति की हत्या कराई थी। पत्नी समेत चार लोग हत्या में शामिल थे।

ये खुलासा पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु होकर किया। उन्होंने बताया कि भरतकूप थाने के रसिन गांव के मजरा फाटापुरवा के रामशरण पुत्र स्व छोटेलाल पटेल ने 18 फरवरी को सूचना दी थी कि भांजी पिंकी सवेरे रामबाबू के घर गई तो दरवाजा बन्द था। फोन लगाने



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी के बारे में बताते एसपी।

पर नहीं उठ रहा। रामबाबू की पत्नी बच्चे समेत मायका कंठीपुर गये थे। पिंकी के बताने पर वह व भतीजा कंचन सीढी लगाकर छत पर गये तो देखा कि रामबाबू बिस्तर में गोली लगने से मृत पडा था। घटना स्थल पर कोई असलहा नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का मामला अज्ञात में दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक ने भी घटना स्थल का मुआयना किया था। उन्होंने घटना के खुलासे के निर्देश दिये थे। 27 फरवरी को विवेचना में इलियाश खान पुत्र यासीन खान निवासी टिकुरीपुरवा बदौसा जिला बांदा को दबोचकर सख्ती से पूंछताछ की तो उसने बताया कि वह रामबाबू पटेल की पत्नी सविता पटेल से प्रेम करता है। पांच-छह महीना पहले धोखे से सविता के साथ की फोटो फेसबुक पर पोस्ट हो गई थी। फाटापुरवा के लोगों ने देखकर रामबाबू को बताया था। रामबाबू ने उसके साथ मारपीट कर ग्रामीणों के सामने बेईज्जती की थी। उसने टिकुरी के दोस्त फैजल पुत्र अमन्ता व भाई बरकत अली से मिलकर रामबाबू की हत्या की साजिश रची।

आरोपी इलियाश ने पुलिस को बताया कि रामबाबू की हत्या को ललित किशोर पुत्र फूलचन्द्र पटेल निवासी महुराई दुबरिया जिला बांदा से 315 बोर का तमंचा-कारतूस लिया। 17 फरवरी को सविता ने मायके से उसे फोन पर बताया कि रामबाबू घर में अकेले है। उसने फैजल आदि को लेकर छत के रास्ते रामबाबू के घर पहुंचा। तमंचे से कनपटी पर गोली मार दी, फिर छत के रास्ते कूदकर भाग गये। इस तरह से हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, दीवान शैलेन्द्र सिंह, सिपाही सतीश यादव, महिला सिपाही शिखा उटगेरकर व एसओजी टीम के दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, नितेश समधिया, सिपाही रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, आशीष यादव, राघवेन्द्र व पवन राजपूत शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय मौजूद रहे।

# जन औषधि केन्द्र में बेंची जाती हैं जेनरिक दवाइयां

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में गरीबों के जेब पर डाका डाला जा रहा है। धड़ल्ले से जेनरिक दवाइयां बेंची जा रही हैं। जेनरिक दवाइयां बेंचने के चलते पूर्व में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र तीन बार सीज किया जा चुका है। फिर भी जेनरिक दवाइयां बेंचना बन्द नहीं हो रहा।

मंगलवार को प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र में जेनरिक दवाई बेंचने का खुलासा हुआ। बताया गया कि केंद्र सरकार ने हर किसी को सस्ती व गुणवत्ता पूर्ण दवाइयां सहजता से देने को पूरे देश में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व अन्य स्थानों पर खुलवाये हैं, ताकि लोगों को पेटेंट दवा मिल सके।



जन औषधि केन्द्र से जेनरिक दवाई लेती महिला।

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से मिलने वाली दवा पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की मोहर लगी रहती है, ताकि किसी प्रकार से जेनरिक दवाइयां न बेंची जा सकें। सरकार के लाख प्रयास के बाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में तैनात डा अमित सेन व प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालक की मिलीभगत से केंद्र सरकार की योजना गरीब-मजलूमों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। मरीज राजा कुशवाहा, सुनीता देवी ने बताया कि वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने आये थे। डा अमित ने कुछ दवाइयां अस्पताल की लिखी। कुछ सिरप बाहर से लेने को कहा। जन औषधि केंद्र से ही लेने की ताकीद की। वे जब जन औषधि केंद्र गये तो सिरप पेटेंट न देकर जेनरिक व बिना मोहर लगी दी गई। विरोध पर कोई जवाब नहीं दिया। मरीज गोपी ने बताया कि डाक्टर की लिखी कुछ दवाइयां बाहर स्थित मेडिकल स्टोर से लिया तो डा अमित सेन ने लौटा दिया। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से लाने को मजबूर किया। इस बाबत प्रभारी चिकित्साधिकारी डा उदय प्रताप सिंह से बात करने के प्रयास किये, उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरे मुरझाये

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ क्षेत्र में मंगलवार को हुई बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ी दी है। घटती ठंड व गर्मी की दस्तक के बीच किसानों को गेहूं, चना की अच्छी फसल होने की उम्मीद थी। इसी बीच मंगलवार को सवेरे से शुरू हुई रिमझिम बारिश ने किसानों को मुसीबत में डाल दिया है।

मंगलवार को मौसम का मिजाज खराब होने से किसानों ने खराब हुई फसलों का सर्वे कराने व समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग की। इससे पहले मौसम विभाग ने जिले में बारिश व ओले गिरने की चेतावनी दी थी। जिला मुख्यालय समेत मऊ में हुई बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरे जो कल तक लहलहाती फसल देखकर खिले थे, वह आज बारिश बाद मुरझा गए हैं। बारिश से किसानों के खेतों में चना-गेहूं



बारिश से खेत में पटी पडी गेहूं फसल।

की खड़ी फसलों को क्षति होने की आशंका जताई है। जानकारों के मुताबिक बारिश से चने में नमी आएगी, गेहूं फसल में गेहूं के दाने काले पड़ने की आशंका है। मऊ क्षेत्र के समाजसेवी विष्णु देव त्रिपाठी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन से मांग की जायेगी कि बारिश से प्रभावित किसानों का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए। मऊ क्षेत्र के पिंटू बाजपेई, रामकृष्ण बाजपेई, मिलन बाजपेई, बसंत पाण्डेय, अंकित त्यौंथा, राजा, प्रकाश, बेटू, शारदा यादव, राममूरत यादव समेत क्षेत्र के किसानों ने सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# प्रभारी मंत्री ने 20 छात्र-छात्राओं को बांटे ओलेवल प्रमाण पत्र

## कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता समीक्षा बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता, सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की मौजूदगी में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता की समीक्षा बैठक की।

मंगलवार को कलेक्टेªट सभागार में प्रभारी मंत्री ने कहा कि



समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री आदि।

कई विभाग विकास कार्यों में जिले में अच्छी रैंकिंग लाये हैं, कुछ विभागों में सुधार की जरूरत है। विकास कार्यों में नंबर वन लाने के प्रयास करें। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि पिछले वर्षों में बिजली आपूर्ति की समस्या रही है, सुधार हो रहा है। गर्मियों के समय ट्रांसफार्मर अन्य सामग्री एडवांस में रखें। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र सरकार से संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में सफल परीक्षार्थीयों के ओलेवल, ट्रिपल सी प्रमाण पत्र मंत्री ने वंदना सिंह, रिया देवी, अनूप कुमार, देवेंद्र कुमार, अरुण कुमार, दिलीप कुशवाहा समेत 20 छात्र-छात्राओं को बांटे। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी मंत्री समेत जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। बैठक में एडीएम एफआर श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे उमेश कुमार निगम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, डीआईओएस एसके मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, लोनिवि एक्सईएन सत्येन्द्र नाथ, डीएफओ डॉ नरेन्द्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राजकुमार त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।




लखनऊ में शिवाकान्त को सम्मानित करते मंत्रीगण।

# नेक आदमी के बतौर शिवाकान्त पाण्डेय सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप्र राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में बतौर मुख्य अतिथि/सूबे के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व विशिष्ट अतिथि/राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह तथा प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, पुष्पसेन सत्यार्थी अपर परिवहन आयुक्त, जिलाधिकारी औरैया नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक इटावा संजय वर्मा की मौजूदगी हादसों में पांच घायलों को समय से अस्पताल पहुंचा कर जान बचाने के कार्य करने पर शिवाकांत पाण्डेय को बतौर नेक आदमी सम्मानित किया।

# अपात्रों को डूडा कर रहा आवास आवंटित

## बैठक कर महिलाओं ने घेराव का लिया निर्णय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा सरकार में डूडा विभाग के भ्रष्ट अधिकारी सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। अपात्रों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की रेवडियां बांट रहे हैं। पात्र लोग दर-दर भटक रहे हैं।

मंगलवार को माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र के कार्यालय में गुलाबी गैंग की महिलाओं ने बैठक कर बताया कि सूबे के मुख्यमंत्री की नीतियों को डूडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पीएम व सीएम आवास में भ्रष्टाचार



बैठक करती महिलायें।

का खेल-खेल रहे हैं। अपात्रों से कमीशन लेकर पात्रों के हक पर डाका डाल रहे हैं। नियमों को दर-किनार कर एक मंजिला व दो मंजिला मकान वालों के गलत पता दिखाकर आवास योजना का लाभ दे रहे हैं। गुलाबी गैंग सदस्य अनामिका ने कहा कि जिनके घर-जमीन व मकान हैं, उनसे बीस-बीस हजार रुपये लेकर डूडा विभाग के जेई आनन्द अपात्रों को आवास आवंटित कर रहे हैं। जनवादी महिला समिति की पुरानी बाजार इकाई अध्यक्ष का संगीता वर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ महिलायें सडकों पर उतरकर मुख्यमंत्री की छवि व नीतियों की सुरक्षा करेंगी। भ्रष्ट डूडा विभाग के जेई के खिलाफ सडक से संसद तक लडाई लडी जायेगी। गुलाबी गैंग अध्यक्ष सम्पत पाल ने कहा कि डूडा विभाग के अधिकारी अपात्रों को आवास देने के काम बन्द कर दें। सर्वसम्मति से तय हुआ कि जिलाधिकारी को डूडा विभाग के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर 15 दिन के अन्दर सूची को सार्वजनिक करने की मांग की जायेगी। ऐसा न होने पर शान्तिपूर्ण ढंग से डूडा विभाग का घेराव किया जायेगा। बैठक में कलावती, सोमवती, दमयंती, डोंडी, गिरजा, सुषमा, पारुल, रजनी, सोनम, कैलाश आदि मौजूद रहे।

# खोये बच्चे को चार घंटे में माता-पिता के किया हवाले, पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की टीम ने चार घण्टे के अन्दर गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि 26 फरवरी सोमवार को महर्षि वाल्मीकि आश्रम असावर देवी माता मंदिर लालापुर में अंतिम सोमवार को लगने वाले मेले में शाम साढे पांच बजे दो वर्षीय बालक माता-पिता व परिजनों से बिछड़ गया था। बच्चे के माता-पिता गांव के तमाम लोगों के साथ मेला आये थे।

लापरवाही से बच्चे को मेले में ही छोड़कर घर चले गए थे। बच्चा पुलिस को मेले में रोता हुआ मिला। काफी प्रयास-खोज खबर कर बच्चे के माता-पिता का पता किया। चार-पांच घंटे बाद परिजन पुनः मेला स्थल आए, बच्चे को पहचाना। बच्चे का नाम सूरज रैदास (2) पुत्र मनीष कोपा थाना मऊ जिला चित्रकूट को पिता मनीष रैदास पुत्र राम प्रसाद, माता श्रीमती रंजना पत्नी मनीष, दाई श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी राम प्रसाद, दादा अमृतलाल पुत्र बिहारी लाल, कल्लू राम पुत्र निरपत प्रसाद निवासी कोपा की मौजूदगी में बच्चे को सुपुर्द किया। बच्चे को पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे। पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय, दरोगा रवि कान्त राय, दीवान अशोक कुमार, सिपाही अजीत यादव व महिला सिपाही दीक्षा यादव प्रथम शामिल रहीं।

# महिला सफाईकर्मी-पति को प्रधान पति ने बेरहमी से पीटा

## पीड़िता की तहरीर पर नहीं हुई कार्यवाही, पीडिता ने लगाई एसपी से गुहार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली के खोही परिक्रमा मार्ग में भगनपुर गांव के प्रधान पति ने महिला सफाईकर्मी व पति को बेरहमी से मारा-पीटा है। पीड़िता ने कोतवाली कर्वी में तहरीर दी है। पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीडिता सफाई कर्मी उषा देवी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि वह भगनपुर में सफाईकर्मी है। पति चंद्रपाल के साथ गांव में सफाई करती है। प्रधान पति दिनेश कुमार पटेल उसे परेशान करता है। गलत निगाह रखता है। वह हमेशा विरोध जताती है। पीड़िता ने कहा कि 26 फरवरी को प्रधान पति उसे गौशाला की सफाई को बुलाया। वह पति के साथ गौशाला पहुंची। अपरान्ह दो बजे प्रधान पति दिनेश कुमार पटेल साथी लवलेश कुमार पटेल पुत्र रामकृपाल के साथ गौशाला पहुंचा। पति को देखकर आग बबूला हो गया। गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मारपीट की। पीड़िता ने डायल 112 पर फोन किया, फोन नहीं उठा। पीड़िता ने महिला हेल्पलाइन 1090 पर सूचना दी। कोतवाली कर्वी में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में न्याय की गुहार लगाई। विभागीय अधिकारियों को पत्र देकर घटना बताई। अन्य ग्राम पंचायत में तैनाती की मांग की है।

# प्रधान सरैंया ने मजदूरों की धनराशि अपने खाते में डाली, नोटिस के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के सरैया गांव में प्रधान-सचिव की मिलीभगत से विकास कार्यों में सरकारी धन को ठेकेदार से मिलकर कमीशनखोरी से बंदरबांट हो रहा है। निर्माण कार्यों में लीपापोती हो रही है। प्रधान मजदूरी के पैसे अपने खाते में डालकर धांधली कर रहा है। जिलाधिकारी कार्यालय से प्रधान को नोटिस जारी हुई है। मानिकपुर ब्लाक के सरैंया गांव में प्रधान-सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन के बंदरबांट का खुलासा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि डीपीआरओ के पत्र 2549 तारीख 31.10.2023 व अनुस्मारक 2783 तारीख 23.11.2023 बाबत कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाद पेश करने के निर्देश दिये हैं। डीपीआरओ ने निर्देश दिये विकास कार्यों में मजदूरी करने वाले मजदूरों की मजदूरी खाते में दी जाये। प्रधानों ने अपने खाते में भुगतान कर बंदरबाट कर रहे हैं। मामला संज्ञान में आते ही कार्यालय जिलाधिकारी ने प्रधान सरैया श्रीमती गीता देवी को सात दिसम्बर 2023 को उप्र पंचायती राज अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर 22 दिन के अन्दर जवाब मांगा है। सरैंया में लगातार प्रधान होते हुए प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि विकास कार्यों में सचिव व ठेकेदारों की मिलीभगत से खूब लूट की है।

# दिव्यांगों में होती है विलक्षण प्रतिभाः सांसद

अखंड भारत संदेश



दिव्यांगों को उपकरण बांटते प्रभारी मंत्री, सांसद, जिपं अध्यक्ष आदि।

**चित्रकूट।** सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर में आयल इंडिया लि के निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच 28 ट्राई साइकिल, 17 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, एक फोल्डिंग व्हीलचेयर, 43 बैसाखी, एक वॉकिंग स्टीक छड़ी, 59 स्मार्टफोन, 62 सुग्मय केन, 58 श्रवण यंत्र कान की मशीन व छह कृत्रिम अंग बांटे। मंगलवार को दिव्यांग छात्रों को जिले के प्रभारी मंत्री के उपकरण बांटने के मौके पर सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय समेत जनप्रतिनिधि तथा जिला दिव्यांगजन अधिकारी प्रतिभा पाल व विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि दिव्यांगों में विलक्षण प्रतिभा होती है। उन्हें निखारने की जरूरत है। अब दिव्यांग भी सबकुछ कर सकते हैं।

# गौकसीः तीन के कब्जे से स्कार्पियो समेत औजर बरामद, एसपी ने गौकसी का किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बरगढ थाना क्षेत्र में गौकसी व गौ तस्करी करने वाले तीन लोगों को स्कार्पियो, दो तमंचा, चार कारतूस, चार छूरा व चार लोहे की स्टील राड व एक बांका समेत पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने बताया कि चार फरवरी को बरगढ थाने के महरजा गांव के सूबेदार कोल पुत्र गंगा प्रसाद ने थाने में सूचना दी थी कि उसका बैल व दादूलाल कोल पुत्र मुन्नीलाल कोल निवासी महरजा का बैल बाहर पेड के नीचे बंधे थे। उन्हें अज्ञात लोग ले जाकर जंगल में काटकर मांस ले गये हैं। बैल की मुंडी व मांस तथा खाल पडी है। पुलिस ने गौवध निवारण मामला दर्जकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन लोगों को दबोचा।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मो फैजान पुत्र अब्दुल निवासी अहमदपुर असरौली थाना पूरामुफ्ती



पुलिस गिरफ्त में गौकसी गैंग व पत्रकार वार्ता करते एसपी।

प्रयागराज, मो नैस पुत्र मो इरफान निवासी खेडुहा थाना एयरपोर्ट प्रयागराज व सद्दाम पुत्र मो शकील निवासी मरिहाडीह पूरामुफ्ती प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर दबोचा। वह जंगल की ओर पुनः गौकसी करने जा रहे थे। उनके कब्जे से पुलिस ने गलत नम्बर की स्कार्पियो, दो तमंचे, चार कारतूस, चार छूरा, दो लोहे की स्टील राड, एक बांका बरामद किया। आरोपियों ने पूंछताछ में बताया कि इब्राहिम जुनैद अहमद, अवधेश पासी बैलों को काटकर मांस स्कार्पियो में रखकर बेंचते थे। बेंचे गौ मांस का पैसा आपस में बांट लेते थे। आरोपियों को पकडने में बरगढ थानाध्यक्ष राकेश मौर्य, दरोगा पवन कुमार प्रधान, दरोगा रामआधार सिंह, सिपाही रंजीत यादव, रोहित यादव व एसओजी टीम के दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, नितेश समधिया, सिपाही रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, आशीष यादव, राघवेन्द्र व पवन राजपूत शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय मौजूद रहे।

# शराब की दूकानों पर आबकारी निरीक्षक ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ के एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा के साथ देशी व अंग्रेजी शराब दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्धारित दरों में ही शराब बेंचने के निर्देश दिए।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधिकारियों ने निरीक्षण शुरू किया। मऊ एसडीएम राकेश कुमार पाठक व आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने मप्र सीमा से लगे क्षेत्र की शराब दुकानों का निरीक्षण किया। लपांव व बरगढ़ दुकानों के निरीक्षण में स्टॉक जांचा। निर्देश दिए कि स्टॉक रजिस्टर अनुरूप शराब की उपलब्धता रहनी चाहिए। नियमित रूप से बिक्री रजिस्टर दुरूस्त रखें। शराब बेंचने के बाद किसी व्यक्ति को दुकान में बैठाकर पीने की अनुमति न दें। मिलावटी शराब की बिक्री किसी भी हालत में न की जाए। शिकायत मिलने पर सम्बन्धित पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित दरों में अंकित मूल्य पर ही शराब बिक्री की जाए। अंकित मूल्य से अधिक पैसा न लिया जाये। ठेकों के पास सफाई व्यवस्था रखी जाए।

# सब्जियों के बीज प्राप्त करें किसान

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने जिले के सभी किसानों से कहा कि जायद मौसम में उगाई जाने वाली सब्जियों के बीज भिंडी, लोबिया, खरबूजा, लौकी, तरोई के प्रमाणित बीज विभागीय दर पर उपलब्ध है। कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कचहरी परिसर में संपर्क कर बीज प्राप्त कर सकते हैं।

# इजराइल-हमास समझौते के करीब, मध्य पूर्व में संकट के बादल छंटने के आसार

**वाशिंगटन।** इजराइल और हमास के बीच गाजा में छिड़े युद्ध की वजह से मध्य पूर्व में छाये संकट के बादलों के जल्द ही छंटने की उम्मीद है। मध्यस्थ देश इजराइल और हमास के बीच अस्थाई युद्धविराम के समझौते की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। इस वार्ता से जुड़े दो अधिकारियों का कहना है कि इजराइल संगीन अपराधों के दोषी फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर सहमत हो गया है। हालांकि हमास ने अभी तक इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में इस दिशा में चल रहे प्रयासों को फलक पर लाने की कोशिश की गई है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के रुख में बदलाव से बंधकों की अदला-बदली और संभावित संघर्ष विराम की दिशा में जल्द ही ठोस निर्णय हो सकता है। प्रस्ताव में इजराइली बंधकों और आतंकवाद के दोषी फिलिस्तीनियों की रिहाई का प्रारूप शामिल है। संयुक्त राष्ट्र



की शीर्ष अदालत के आदेश पर इजराइल ने गाजा में नरसंहार को रोकने के उपायों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की है। अमेरिकी के राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि उन्हें एक सप्ताह के भीतर गाजा में युद्धविराम होने की उम्मीद है। इस बीच फिलिस्तीनी प्राधिकरण की सरकार ने अपना इस्तीफा दे दिया है।

मध्यस्थता प्रयासों की जानकारी रखने वाले इन दोनों अधिकारियों के अनुसार, इजराइली वाताकार्र निजी तौर पर एक अमेरिकी प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि इजराइल आतंकवाद के आरोपों में दोषी ठहराए गए 15 फिलिस्तीनियों को छोड़ेगा। इसके बदले हमास पांच महिला इजराइली सैनिकों को रिहा करेगा। इस प्रस्ताव पर पिछले हफ्ते पेरिस में मिस्त्र, कतर और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच चर्चा हो चुकी है। इस पर हमास और इजराइल लगभग सहमत हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इस पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हमास इस समझौते में यह भी चहता है कि इजराइली सैनिक संघर्ष विराम की अवधि तक गाजा से हट जाएं।

## नेपाल : राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख दल आमने सामने

**नेपाल।** देश की संसद के ऊपरी सदन राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन दाल के दो प्रमुख घटक आमने सामने आ गए हैं। सरकार का नेतृत्व कर रहे माओवादी पार्टी और गठबंधन में सहभागी सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस दोनों ने ही राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। राष्ट्रीय सभा के वर्तमान अध्यक्ष गणेश प्रसाद तिमिल्सिना का कार्यकाल 10 मार्च को पूरा हो रहा है। निर्वाचन आयोग ने 12 मार्च को इस पद के लिए निर्वाचन होने की घोषणा की है। सत्ता का नेतृत्व कर रहे माओवादी पार्टी की स्थाई समिति की बैठक में राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद पर दावा करने का फैसला किया गया है। पार्टी बैठक के फैसले के बारे में प्रवक्ता अग्नि सापकोटा ने बताया कि गठबंधन की सरकार में शक्ति बंटवारे के सिद्धांत के आधार पर माओवादी पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी पेश की है। सापकोटा ने कहा कि संवैधानिक पदों के बंटवारे में एक भी स्थाई पद माओवादी के पास नहीं होने के कारण स्वतः ही यह पद हमें मिलना चाहिए। पार्टी की स्थाई समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर में पार्टी अध्यक्ष से इस पद पर अपनी दावेदारी नहीं छोड़ने के लिए दबाव भी दिया है। पार्टी की बैठक में नेताओं ने यह दलील पेश की है कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रतिनिधि सभा के स्पीकर, डिप्टी स्पीकर सभी पद गठबंधन में सहभागी अन्य दलों के पास है। गठबंधन की सरकार होने के कारण प्रधानमंत्री का पद सीमित समय के लिए है, इसलिए अब यह आखिरी स्थाई पद पर माओवादी अपना दवा कर रही है। माओवादी पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सभा में सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण कुछ अन्य छोटे दलों को मिलाकर भी बहुमत पहुंच जाएगा। हालांकि उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नेपाली कांग्रेस भी माओवादी के दावेदारी का समर्थन कर देगी। नेपाली कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि राष्ट्रीय सभा के रिक्त सदस्यों के चुनाव से पहले ही गठबंधन की बैठक में अध्यक्ष पद कांग्रेस पार्टी को मिलने की बात पर सहमति हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि जिस समय राष्ट्रीय सभा सदस्यों के सीट का बंटवारा हो रहा था उसी समय खुद प्रधानमंत्री प्रचंड ने अध्यक्ष का पद कांग्रेस पार्टी को देने पर अपनी सहमति जताई थी। गगन थापा का कहना है कि उस बैठक में वो खुद भी मौजूद थे। 19 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस को 10 सीट देने और राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष पद देने पर गठबंधन के सभी दलों के बीच सहमति हो चुकी है। इसलिए अब इस सहमति से पीछे हटने का सीधा असर गठबंधन पर पड़ सकता है।

## नेपाल के एसीबी चीफ बोले- भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसने के बाद विदेशों से होने लगी है डीलिंग

**नेपाल।** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम तेज होने और एक के बाद एक बड़ी मछलियों पर शिकंजा कसने के बाद अब इसकी डीलिंग देश से बाहर विदेशों में होने लगी है। यह दावा खुद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के प्रमुख ने किया है। संसदीय समिति के समक्ष एसीबी प्रमुख ने कहा कि विदेशों में होने वाले इस प्रकार की डीलिंग को रोकने में वो सक्षम नहीं हैं। एसीबी प्रमुख आयुक्त प्रेम राई को मंगलवार को संसद की सार्वजनिक लेखा समिति ने तलब किया था। समिति के सदस्यों ने देश में हुए बड़े भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जांच की प्रगति का विवरण मांगने के लिए एसीबी प्रमुख को तलब किया था। समिति के सदस्यों के सवाल पर प्रेम राई ने कहा कि सभी बड़े भ्रष्टाचार के केस में जांच प्रगति से वो संतुष्ट हैं और जल्द ही कुछ और बड़े भ्रष्टाचार के मामले में विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की जाएगी। हालांकि भ्रष्टाचार के कुछ मामलों की जड़ें विदेशों से जुड़ी हुई हैं, लेकिन एसीबी कुछ नहीं कर सकती है।

एसीबी प्रमुख राई ने कहा कि नेपाल का अधिकांश देशों के साथ लीगल म्युचुअल समझौता नहीं होने के कारण विदेशों में होने वाले डीलिंग को लेकर नेपाली एजेंसी कुछ भी नहीं कर पा रही है। एयरबस कंपनी से वाइड बॉडी विमान खरीद मामले में हुए भ्रष्टाचार की जांच अंतिम चरण में होने के बावजूद कई ऐसे दस्तावेज हैं जो विदेशी कंपनियों के पास हैं। राई ने संसदीय समिति के समक्ष इस बात का भी खुलासा किया कि वाइड बॉडी खरीद में भ्रष्टाचार हुआ है यह तय है लेकिन कमीशन की रकम को विदेशी बैंकों में जमा होने के कारण उन बैंकों की तरफ से बिना समझौते के कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इस कारण अदालत में चार्जशीट दायर होने में देरी हो रही है।

# स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे, आने वाला समय हमारा है: गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ भारत की विकास गाथा को प्रतिबिंबित करता है। गोयल ने कहा कि उनका मानना है कि स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे। आने वाला समय हमारा है।




गोयल ने नई दिल्ली में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के 'स्टार्टअप महाकुंभ' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री और स्टार्टअप महाकुंभ की वेबसाइट और लोगो भी लॉन्च की। उन्होंने देशभर में 57 विविध स्टार्टअप पदचिह्नों को एक मंच पर लाने के लिए इस आयोजन की सराहना की।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप सेक्टर नए भारत की रीढ़ है। उन्होंने स्टार्टअप महाकुंभ में उद्यमिता और नवप्रवर्तन के इच्छुक युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह एक वार्षिक कार्यक्रम की शुरूआत का प्रतीक है, जो 2016 में अपनी स्थापना के बाद से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता की कहानियों और क्रांति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप क्षेत्र ने विभिन्न क्षेत्रों में विचारों के साथ नवाचार करने की अपनी क्षमता साबित की है। जैसे गतिशीलता, भोजन और कपड़ा आदि।

गोयल ने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे ह्यचूकें नहींह्ल और अधिक से अधिक अवसरों का लाभ उठाएं, क्योंकि भारत 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आगामी व्यापक कार्यक्रम देशभर में चल रही स्टार्टअप क्रांति को प्रदर्शित करेगा। गोयल ने विश्वास जताया कि युवा भारतीय ह्यअमृत कालह्ल में देश की नियति को आकार देंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत की कहानी को बाकी दुनिया तक ले जाएं।

वाणिज्य मंत्री ने एक अन्य कार्यक्रम भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के ह्यविकसित भारत@2047: विकसित भारत और उद्योगह्ल पर आयोजित सत्र को संबोधित किया। उन्होंने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में विनिर्माण क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में हितधारकों से भारत को वैश्विक विनिर्माण पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

## नेपाल में भारतीय पर्यटकों के आगमन को सहज बनाने के लिए कानून में बदलाव की मांग

**नेपाल।** नेपाल में पर्यटकों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने के कारण यहां के होटल व्यवसायियों ने भारतीय पर्यटकों के आगमन को सरल बनाने के लिए अनावश्यक कानूनों में बदलाव की मांग की है। नेपाल के होटल व्यवसायियों की साझा संस्था होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल, पर्यटक कंपनियों की साझा संस्था टूरिज्म एसोसिएशन ऑफ नेपाल और नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ ने मंगलवार को लुम्बिनी में संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान यह मांग की। नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ के प्रतिनिधि अजीत बस्नेत ने कहा कि सबसे पहले तो सरकार की तरफ से उस नियम में बदलाव करने की आवश्यकता है जिसमें भारतीय पर्यटकों को नेपाल आते समय सिर्फ 25 हजार तक की धनराशि लाने की अनुमति है। इसको बढ़ा कर कम से कम एक लाख रुपये किया जाना चाहिए। बस्नेत का दावा है कि नेपाल आने वाले विदेशी पर्यटकों में सबसे अधिक व्यय क्षमता भारतीय पर्यटकों की होती है। इसलिए अपने साथ लाने वाली धनराशि की अधिकतम सीमा को बढ़ाने की आवश्यकता है। होटल एसोसिएशण ऑफ नेपाल के प्रतिनिधि प्रवीण बहादुर पाठक ने कहा कि विश्व के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश के पर्यटकों को लक्षित करते हुए नई नीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नेपाल की सीमा से सटे भारत के उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य की कुल जनसंख्या के 1-2 प्रतिशत लोगों को भी नेपाल के विभिन्न पर्यटकीय और धार्मिक शहरों में लाने में सफल रहे तो किसी और देश की तरफ देखने की भी आवश्यकता नहीं होगी। पाठक ने बताया कि इस समय भारतीय नंबर प्लेट की गाड़ियों को कस्टम ड्यूटी के बिना सिर्फ 07 किलोमीटर तक ही जाने की इजाजत है जिसको बढ़ाकर कम से कम 25-30 किमी किया जाना चाहिए।

## बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर तनाव में कमी, बंदरबन में कल से खुलेंगे पांच प्राइमरी स्कूल



**ढाका।** बांग्लादेश में म्यांमार से लगी बंदरबन की सीमा पर बंद पड़े पांच प्राइमरी स्कूलों और एक मदरसा में बुधवार से पढ़ाई शुरू हो जाएगी।
बंदरबन के उपायुक्त शाह मोजाहिदुद्दीन ने कहा, ह्लम्यांमार की सीमा पर अस्थिर स्थिति और सुरक्षा कारणों से 29 जनवरी को पांच सरकारी प्राथमिक विद्यालयों और एक मदरसे को बंद कर दिया गया था। सीमा पर स्थिति सामान्य होने से इन स्कूलों को खोलने का फैसला लिया गया है। बुधवार से स्कूलों में कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। जिला प्रशासन ने म्यांमार सीमा पर 13 जनवरी से जुंटा सेनाओं के साथ अराकान सेना की झड़पों के बाद सीमावर्ती शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने की घोषणा की थी। 6 फरवरी से स्थिति सामान्य होने के बाद प्रशासन लगातार निगरानी की। अंततः प्रशासन ने बुधवार से स्कूल खोलने का फैसला किया है।

## इजराइली दूतावास के बाहर आत्मदाह करने वाले अमेरिकी वायुसैनिक की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में स्थित इजराइली दूतावास के बाहर आत्मदाह करने वाले अमेरिकी वायुसैनिक की सोमवार को मौत हो गई। वायुसेना कर्मी ने रविवार को यहां स्थित इजराइली दूतावास के बाहर यह कहते हुए खुद को आग लगा ली कि वह ह्यह्यअब नरसंहार में शामिल नहीं होगा। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने बताया कि मृतक की पहचान 25 वर्षीय आरोन बुशनैल के रूप में हुई। एक अधिकारी ने बताया कि वायुसेना कर्मी रविवार को अपराह्न एक बजे से कुछ देर पहले दूतावास पहुंचा और वीडियो स्ट्रीमिंग मंच ह्यट्विचह्ल पर उसने ह्यलाइव-स्ट्रीमिंगह्ल (सीधा प्रसारण) शुरू कर दी। अधिकारियों का मानना है कि व्यक्ति ने लाइवस्ट्रीम शुरू करने के बाद अपना फोन नीचे रखा और फिर खुद पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़क कर आग लगा ली। आग लगाते समय वायुसेना कर्मी ने कहा कि वह ह्लअब नरसंहार में शामिल नहीं होगा। यह घटना तब हुई, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दक्षिणी गाजा शहर रफ-ह में एक सैन्य अभियान के लिए कैबिनेट की मंजूरी मांग रहे हैं, जबकि एक अस्थायी संघर्ष विराम समझौते पर भी बातचीत चल रही है। हालांकि, गाजा में इजराइल के सैन्य हमले की आलोचना हुई है। इजराइल पर फलस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार के आरोप भी लगाए गए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## स्वीडन को नाटो में शामिल होने की अंतिम बाधा हंगरी की पुष्टि के बाद हुई दूर

**बुडापेस्ट।** स्वीडन को नाटो में शामिल करने के प्रयास के तहत हंगरी की संसद ने सोमवार को मतदान किया। इसके साथ ही गठबंधन के लिए 18 महीने से अधिक समय से बनी अनिश्चितता की स्थिति समाप्त हो गई है जो यूक्रेन में रूस के युद्ध के खिलाफ अपनी जवाबी कार्रवाई को विस्तार देने के प्रयास में है। स्वीडन की सदस्यता को लेकर महीनों से चली आ रही खींचतान के बाद हुए मतदान में 188 मत पक्ष में पड़े जबकि छह मत इसके विपक्ष में गए।प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन की सरकार ने जुलाई 2022 में नाटो में स्वीडन के प्रवेश को मंजूरी देने के लिए प्रोटोकॉल प्रस्तुत किया था लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों के विरोध के कारण मामला संसद में रुक गया था।संगठन में नए देशों को शामिल करने के लिए सभी नाटो सदस्यों के बीच सर्वसम्मति से समर्थन की आवश्यकता होती है और हंगरी इस गठबंधन के 31 सदस्यों में से आखिरी देश है। हंगरी पिछले महीने तुर्किये द्वारा अनुरोध की पुष्टि किए जाने के बाद अपना समर्थन दे रहा है।रूस के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने वाले दक्षिणपंथी ओर्बन ने कहा है कि स्वीडिश नेताओं द्वारा हंगरी के लोकतंत्र की आलोचना ने दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास पैदा की। स्वीडन के लिए अंतिम सदस्यता बाधा सोमवार को हुए मतदान से दूर हो गई है जिसने पड़ोसी देश फिनलैंड के साथ पहली बार मई 2022 में गठबंधन में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। ओर्बन ने मतदान से पहले सांसदों को संबोधित करते हुए कहा, ह्यस्वीडन और हंगरी का सैन्य सहयोग और स्वीडन का नाटो में शामिल होना हंगरी की सुरक्षा को मजबूत करता है। ओर्बन ने स्वीडन को गठबंधन में लाने पर फैसला करने के लिए हाल के महीनों में उनकी सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए हंगरी के यूरोपीय संघ और नाटो सहयोगियों की आलोचना की।

## विश्व के कई देशों में संघर्ष और युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरस ने जताई चिंता

**जिनेवा।** गाजा, यूक्रेन, कांगो, म्यांमार और सूडान समेत विश्व के भागों में जारी संघर्ष, युद्ध और हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने चिंता जताई है। गुटेरस ने कहा है कि इन युद्धों-हिंसा में कई देश प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शामिल हैं। इसलिए हर बीतते दिन के साथ वैश्विक सुरक्षा की स्थिति कमजोर हो रही है। ऐसे हालात में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने पूरे विश्व में मानवाधिकारों और शांति की स्थिति का सम्मान करने की आवश्यकता जताई है। गुटेरस ने यह बात संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के उद्घाटन सत्र में कही है। गुटेरस ने गाजा और यूक्रेन को लेकर सुरक्षा परिषद में बनी अनिर्णय की स्थिति को चिंतनीय बताया। गुटेरस ने कहा कि दोनों स्थानों पर स्थिति विस्फोटक बनी हुई है लेकिन सुरक्षा परिषद वहां पर कुछ भी कर पाने में सक्षम नहीं है। वहां पर सदस्य देशों के हितों का टकराव जमीनी हालात बिगाड़ रहा है।गुटेरस ने कहा, विश्व तेजी से बदल रहा है। विभिन्न मुद्दों पर हो रहा टकराव अनिश्चितता बढ़ा रहा है। इस स्थिति में मानवाधिकारों का हनन हो रहा है जिससे शांति को खतरा पैदा हो रहा है। इससे विश्व के सबसे ज्यादा गरीब देशों की मुश्किलें बढ़ रही हैं और पर्यावरण सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर असर पड़ रहा है।
इस दौरान गुटेरस ने गाजा में मानवाधिकारों की स्थिति की

# अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल को खरीदेगा हिंदुजा ग्रुप, एनसीएलटी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी रिलायंस कैपिटल को हिंदुजा समूह की कंपनी खरीदेगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दे दी।
अनिल अंबानी की कंपनी ने शेयर बाजार को रेगुलेटरी फाइलिंग में ये जानकारी है। हालांकि, कंपनी की ओर से फाइनेंशियल डीटेल के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। ट्रिब्यूनल ने 11 जनवरी को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने नवंबर 2021 में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को शासन से जुड़े मुद्दों और भुगतान में चूक के कारण निलंबित कर दिया था। आरबीआई ने नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था, जिन्होंने कंपनी को संभालने के लिए फरवरी 2022 में बोलियां आमंत्रित की थीं। उल्लेखनीय है कि रिलायंस कैपिटल पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। पहले चार आवेदकों ने समाधान योजना के साथ बोली लगाई थी। हालांकि, लेनदारों की समिति ने कम बोली मूल्यों के लिए सभी चार योजनाओं को खारिज कर दिया था। इसके बाद एक नई प्रक्रिया के तहत जून 2023 में हिंदुजा समूह के फर्म को समिति की ओर से 9,661 करोड़ रुपये की अग्रिम नकदी की बोली के लिए चुना गया था।